प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



महिलाओं पर पप्पू के विवादित बयान से मचा सियासी तूफ़ान पेज- 2

पेज-6 डीएम ने कार्यालय में पीड़ितों की सुनीं समस्याएं

वर्ष : 15 अंक : 123 | शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## दिल्ली के अरुणा आसफ अली अस्पताल में अचानक पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता, गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं पर दिए कड़े निर्देश

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने आज राजधानी के अरुणा आसफ अली अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों के साथ–साथ उनके परिजनों से सीधा संवाद कर डॉक्टरों की उपलब्धता और सुविधाओं की जानकारी ली। डॉक्टरों, कर्मचारियों और अस्पताल प्रबंधन से फीडबैक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक, तेज, संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। हमारा संकल्प है कि दिल्ली का हर नागरिक ऐसे स्वास्थ्य तंत्र का अनुभव करे जहां समय पर उपचार मिले, आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों, स्वच्छ वातावरण हो और हर मरीज को सम्मान के साथ सेवा प्राप्त हो। गर्मियों को देखते हुए अस्पताल प्रशासन को दवाइयों की उपलब्धता, पीने के पानी, स्वच्छता, मरीजों की सुविधा और सभी आवश्यक इंतजाम सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने को कहा गया है। हर परिवार को भरोसेमंद स्वास्थ्य सुरक्षा मिले, हर नागरिक को समय पर उपचार मिले और हर अस्पताल सेवा, संवेदना और विश्वास का केंद्र बने। इसी दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं।



## मुंबई: गोवंडी में भीषण आग का तांडव, देखते ही देखते जलकर खाक हुई कारें, धमाके से दहला इलाका

(एजेंसी) मुंबई। मुंबई के गोवंडी इलाके में आज सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब खड़ी गाड़ियां अचानक आग का गोला बन गईं। आग की चपेट में आने से कम से कम 10 कार क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना घाटकोपर–मानखुर्द लिंक रोड पर बैंगनवाड़ी सिग्नल के पास सुबह करीब 11.45 बजे हुई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि एक कार का सीएनजी सिलेंडर भी धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही मुंबई दमकल विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे तथा दोपहर 12 बजकर 22 मिनट पर आग पर काबू पा लिया। उन्होंने कहा, ृवहां खड़ी 10 से 12 गाड़ियां आग लगने के कारण क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# ज्ञान का स्वागत है, लेकिन वाट्सऐप यूनिवर्सिटी से नहीं!

## सुप्रीम कोर्ट ने कसा तंजय शशि थरूर का हुआ जिक्र

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि वह सभी प्रख्यात लेखकों और विचारकों के विचारों का सम्मान करता है, लेकिन व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी या ज्ञान को अदालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह रोचक टिप्पणी 9 जजों की संविधान पीठ ने धार्मिक स्थलों (जैसे केरल के सबरीमाला मंदिर) पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार व उसके दायरे को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए की। इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई कर रही नौ सदस्यीय संविधान पीठ की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत कर रहे हैं। उनके अलावा इस पीठ में जस्टिस बी.वी. नागरत्ना, जस्टिस एम.एम. सुंदरेश, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस अरविंद कुमार, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले, जस्टिस आर. महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। सुनवाई के दौरान दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख की ओर से वरिष्ठ वकील नीरज किशन कौल पेश हुए। अपनी दलीलें रखते हुए उन्होंने कांग्रेस नेता और लेखक शशि थरूर के एक लेख का हवाला दिया। इस लेख में धार्मिक मामलों और राहत के विषय में न्यायिक संयम (अदालतों द्वारा दखलंदाजी से बचने) की बात कही गई थी। इस संदर्भ पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम सभी प्रख्यात हस्तियों, न्यायविदों आदि का सम्मान करते हैं, लेकिन किसी की व्यक्तिगत राय, केवल एक व्यक्तिगत राय ही होती है।वकील नीरज किशन कौल का तर्कइसके जवाब में कौल ने कहा कि ज्ञान किसी भी स्रोत से लिया जा सकता है। उन्होंने कहा– अगर ज्ञान और बुद्धिमत्ता किसी भी स्रोत, किसी भी देश या किसी भी विश्वविद्यालय से आती है, तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। हमारी सभ्यता इतनी समृद्ध है कि हम ज्ञान और जानकारी के सभी रूपों को सहज स्वीकार कर सकते हैं। कौल की इस बात पर जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने हल्के–फुल्के अंदाज में मुस्कुराते हुए कहा– लेकिन व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी से बिल्कुल नहीं। इस पर कौल ने कहा कि वह इस बहस में नहीं पड़ना चाहते कि कौन सी यूनिवर्सिटी अच्छी है या बुरी, बल्कि उनका मूल बिंदु सिर्फ इतना है कि ज्ञान जहां से भी मिले, उसे स्वीकार किया जाना चाहिए। इससे एक दिन पहले, यानी बुधवार को भी सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम बात कही थी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसी भी अदालत या न्यायिक मंच के लिए यह तय करने के लिए पैरामीटर बनाना बहुत मुश्किल– बल्कि लगभग असंभव है कि किसी धर्म विशेष की कौन सी प्रथा अनिवार्य है और कौन सी गैर–अनिवार्य। इस पूरी सुनवाई की जड़ें 2018 के एक फैसले से जुड़ी हैं। सितंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने 4रू1 के बहुमत से एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। उस फैसले में केरल के सबरीमाला अय्यप्पा मंदिर में 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगे सदियों पुराने प्रतिबंध को हटा दिया गया था। अदालत ने उस हिंदू धार्मिक प्रथा को अवैध और असंवैधानिक करार दिया था। इसी फैसले के बाद दाखिल पुनर्विचार याचिकाओं और अन्य धर्मों में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े समान मुद्दों को सुलझाने के लिए यह 9 जजों की बड़ी पीठ बनाई गई थी।



## 2003 के एनसीपी नेता हत्याकांड मामले में अमित जोगी को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2003 के चर्चित रामअवतार जग्गी हत्या मामले में बड़ी राहत देते हुए अमित जोगी की सजा पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस फैसले पर अंतरिम रोक लगाई है, जिसमें अमित जोगी को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और विजय बिश्नोई की पीठ ने अमित जोगी की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें बरी करने वाले ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए दोषी करार दिया गया था और आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की आगे की सुनवाई पूरी होने तक अमित जोगी की सजा पर रोक रहेगी। इसका मतलब है कि फिलहाल उन्हें हाईकोर्ट द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा नहीं भुगतनी होगी। यह मामला 4 जून 2003 को रायपुर में हुए एनसीपी नेता और कारोबारी राम अवतार जग्गी की हत्या से जुड़ा है। उस समय छत्तीसगढ़ में अजीत जोगी मुख्यमंत्री थे। राम अवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसे एक बड़ी साजिश का हिस्सा बताया गया।



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने हाल ही में अपने फैसले में अमित जोगी (जो अजीत जोगी के बेटे हैं) को आपराधिक साजिश और हत्या का दोषी ठहराया था। इससे पहले 2007 में ट्रायल कोर्ट ने सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया था, जबकि 28 अन्य आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। हाईकोर्ट ने सीबीआई और पीड़ित परिवार की अपीलों पर सुनवाई करते हुए कहा था कि सह–आरोपियों के खिलाफ मौजूद सबूतों को अमित जोगी के मामले में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस मामले की जांच 2004 में सरकार बदलने के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई थी। यह केस पिछले 23 वर्षों से कानूनी प्रक्रिया में उलझा हुआ है। गौरतलब है कि नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की देरी को माफ करते हुए हाईकोर्ट को मामले की दोबारा सुनवाई करने का निर्देश दिया था। अब इस मामले में आगे की सुनवाई जारी रहेगी।

## सीएम योगी का बड़ा आदेश, विशेष टीम बनाकर सुलझाएं जमीनी विवाद

### भू-माफियाओं पर होगीसख्ती, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

(एजेंसी) गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन से जुड़े विवादों का निस्तारण विशेष टीम गठित करके किया जाए। जमीन का मालिकाना हक उसके वास्तविक स्वामी के पास ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की जमीन पर यदि दबंगों ने कब्जा किया है तो जमीन को कब्जामुक्त कराने के साथ दोषियों को कानूनी सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक–एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में भूमि विवाद के मामलों में उन्होंने अफसरों से कहा कि विशेष टीम लगाकर ऐसे मामलों को शीघ्रता से निस्तारित किया जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।



## जनरल मनोज नरवणे की नई किताब आई, सैन्य मिथकों और रहस्यों से उठाया पर्दा

(एजेंसी) नई दिल्ली। पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे एक बार फिर अपनी नई पुस्तक को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनके अप्रकाशित और विवादित संस्मरण "फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी" को लेकर राजनीतिक और रणनीतिक हलकों में काफी हलचल मची थी। अब उनकी नई किताब "द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइडरू अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज" सामने आई है, जिसमें उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों से जुड़ी कई दिलचस्प, कम चर्चित और रहस्यमयी कहानियों को उजागर किया है। यह पुस्तक भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के उन पहलुओं पर प्रकाश डालती है, जिन पर आमतौर पर कम चर्चा होती है। जनरल नरवणे ने इसमें उन मिथकों, किंवदंतियों और घटनाओं को समेटने की कोशिश की है, जो वर्षों से सैन्य परंपराओं का हिस्सा रही हैं, लेकिन आम जनता के बीच कम जानी जाती हैं। पुस्तक को एक तरह से सशस्त्र बलों के "अनदेखे और अनसुने" पक्ष की झलक के रूप में देखा जा रहा है। जनरल नरवणे के अनुसार, इस पुस्तक का विचार उन्हें एक दिलचस्प संयोग से आया। उन्होंने बताया कि करीब दो साल पहले वे एक मित्र के घर गए थे, जहाँ उनकी नजर शशि थरूर की किताब "ए वंडरलैंड ऑफ वर्ड्स" पर पड़ी। उस पुस्तक ने उन्हें प्रेरित किया कि वे भी भारतीय सैन्य जगत की अनोखी और रोचक कहानियों को एकत्र कर पाठकों के सामने प्रस्तुत करें। इसी प्रेरणा से इस नई पुस्तक का जन्म हुआ। "द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइड" केवल सैन्य घटनाओं का संग्रह नहीं है, बल्कि यह उन अनुभवों और परंपराओं का दस्तावेज भी है, जो समय के साथ सैन्य संस्कृति का हिस्सा बन गई हैं। इसमें कई ऐसे किस्से शामिल हैं, जो कभी आधिकारिक तौर पर दर्ज नहीं हुए, लेकिन सैनिकों के बीच पीढ़ी दर पीढ़ी सुनाए जाते रहे हैं। इस तरह यह पुस्तक इतिहास, अनुभव और लोककथाओं का एक अनोखा मिश्रण प्रस्तुत करती है। पुस्तक की एक खास बात यह है कि यह गंभीर विषयों को भी सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत करती है।



जनरल नरवणे ने अपने अनुभव और दृष्टिकोण के आधार पर इन कथाओं को इस तरह पिरोया है कि पाठक न केवल जानकारी प्राप्त करते हैं, बल्कि उन्हें पढ़ने में भी आनंद आता है। इसमें कुछ घटनाएं हैरान करने वाली हैं, तो कुछ बेहद प्रेरणादायक और कुछ हल्के–फुल्के अंदाज में मनोरंजक भी। इस नई किताब के प्रकाशन से पहले ही जनरल नरवणे अपने अप्रकाशित संस्मरण "फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी" को लेकर चर्चा में थे। उस पुस्तक के कुछ अंशों ने राजनीतिक गलियारों में बहस छेड़ दी थी, क्योंकि उसमें कई संवेदनशील मुद्दों का उल्लेख किया गया था। हालांकि वह पुस्तक अभी तक औपचारिक रूप से प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन उसके इर्द–गिर्द बनी चर्चा ने नरवणे को एक बार फिर केंद्र में ला दिया था। अब उनकी नई पुस्तक को एक अलग दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। जहाँ उनका संस्मरण अधिक व्यक्तिगत और अनुभव–आधारित माना जा रहा था, वहीं "द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइड" एक व्यापक और हल्के–फुल्के अंदाज में सैन्य जीवन के विविध पहलुओं को प्रस्तुत करती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि जनरल नरवणे केवल एक सैन्य अधिकारी ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील लेखक के रूप में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। जनरल मनोज नरवणे ने दिसंबर 2019 से अप्रैल 2022 तक भारतीय सेना के 28वें प्रमुख के रूप में सेवा दी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण सैन्य और रणनीतिक चुनौतियों का सामना किया। उनके नेतृत्व को पेशेवर और संतुलित माना जाता है, और अब सेवानिवृत्ति के बाद वे अपने अनुभवों और विचारों को लेखन के माध्यम से साझा कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की पुस्तकें न केवल आम पाठकों को सशस्त्र बलों के बारे में नई जानकारी देती हैं, बल्कि सैन्य जीवन के मानवीय और सांस्कृतिक पहलुओं को भी सामने लाती हैं। इससे सेना के प्रति लोगों की समझ और सम्मान दोनों बढ़ते हैं।

## शुभ मुहूर्त में खुले बदरीनाथ धाम के कपाट, जय बदरी विशाल के जयघोष से गूंजी हिमालय की चोटियां



(एजेंसी) देहरादून। उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट छह माह के शीतकालीन अवकाश के बाद आज गुरुवार सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। ब्रह्म मुहूर्त में सुबह ठीक सवा छह बजे मंदिर के मुख्य द्वार खुलते ही पूरा वातावरण जय बदरी विशाल के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए देश–विदेश से आए हजारों श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के विशेष अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और सुख–समृद्धि की कामना की। मंदिर को कई क्विंटल रंग–बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिसने नर और नारायण पर्वत के बीच स्थित इस पावन धाम की सुंदरता को और अधिक बढ़ा दिया। कपाट खुलने की प्रक्रिया वैदिक मंत्रोच्चार और पूरी धार्मिक विधि–विधान के साथ संपन्न हुई। इस दौरान सेना के बैंड की मधुर धुनों और पारंपरिक ढोल–नगाड़ों ने उपस्थित भक्तों में भारी उत्साह भर दिया। कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यहाँ ग्रीष्मकाल के छह माह मनुष्य भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, जबकि शीतकाल में जब कपाट बंद रहते हैं, तब देवर्षि नारद और अन्य देवता भगवान की आराधना करते हैं। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड की इस वर्ष की चारधाम यात्रा अब पूरी तरह से शुरू हो गई है। गौरतलब है कि यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट पहले ही खोले जा चुके हैं। प्रशासन ने यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए सुरक्षा और सुविधाओं के कड़े इंतजाम किए हैं ताकि श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हो सकें।

# सम्पादकीय

## असीम मुनीर की भूमिका पर उठे सवाल

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने पाकिस्तान की भूमिका पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि एक प्रमुख विश्लेषक के जरिए प्रसारित रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही वार्ताओं में पाकिस्तान तटस्थ रहने के बजाय वॉशिंगटन की तरफ झुक रहा है। ईरान सबसे ज्यादा पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के रुख को लेकर नाराज है। तेहरान का दावा है कि मुनीर ने ईरान का प्रस्ताव अमेरिका तक पहुंचाने का जिम्मा लिया था, लेकिन अब तक वॉशिंगटन से कोई साफ और सटीक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। ईरान का मानना है कि मध्यस्थता का पूरा ढांचा इस तरह तैयार किया गया है, जिससे अमेरिका को फायदा हो और ईरान को कूटनीतिक रूप से अलग–थलग किया जा सके। तो वहीं दूसरी ओर ऐसी चर्चा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियां विशेषज्ञों की भौहें तन रही हैं। पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर ने अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच तेहरान का दौरा किया है। एक तरफ ट्रंप से गहरी दोस्ती और दूसरी तरफ ईरान के सैन्य नेतृत्व से पुरानी यारी निभा रहे मुनीर का यह दोहरा किरदार अब वाशिंगटन के गलियारों में खतरे की घंटी की तरह बज रहा है। फॉक्स न्यूज डिजिटल की एक रिपोर्ट के अनुसार, असीम मुनीर के ईरान के साथ ये संबंध रातों–रात नहीं बने हैं। जब वे 2016 और 2017 में पाकिस्तान के मिलिट्री इंटेलिजेंस के डायरेक्टर जनरल थे, तभी से उन्होंने ईरान के भीतर अपने संपर्कों का जाल बिछाना शुरू कर दिया था। रिटायर्ड पाकिस्तानी जनरल अहमद सईद ने खुलासा किया है कि मुनीर केवल ईरान की सरकार ही नहीं, बल्कि वहां की सबसे ताकतवर सैन्य इकाई 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' के साथ भी लगातार संपर्क में रहे हैं। सईद के मुताबिक, मुनीर के संबंध ईरान की नियमित सेना और उनकी खुफिया एजेंसियों से भी बेहद गहरे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि असीम मुनीर के उन चेहरों के साथ भी व्यक्तिगत संबंध थे, जो अमेरिका और इजरायल की आंखों की किरकिरी रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि मुनीर के पूर्व कुद्स फोर्स कमांडर कासिम सुलेमानी के साथ करीबी संबंध थे, जो 2020 में अमेरिकी हमले में मारे गए थे। यही नहीं, 2025 में इजरायली हमले में मारे गए कमांडर हुसैन सलामी के साथ भी मुनीर की खासी दोस्ती थी। विशेषज्ञों का मानना है कि मुनीर का ईरान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ यह पर्सनल इक्वेशन अमेरिका के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है। 'फाउंडेशन फॉर डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज' के सीनियर फेलो बिल रोगियो ने सीधे तौर पर आगाह किया है कि डोनाल्ड ट्रंप को पाकिस्तानियों पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने मुनीर के 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' से संबंधों को ट्रंप प्रशासन के लिए एक 'बड़ा रेड लैग' बताया है। रोगियो का कहना है कि अफगानिस्तान युद्ध के दौरान पाकिस्तान एक 'दगाबाज' सहयोगी साबित हुआ था, जो दोस्ती का नाटक करते हुए पीछे से तालिबान की मदद कर रहा था। अब मुनीर की ईरान के साथ नजदीकियां उसी पुराने पैटर्न की याद दिलाती हैं। विशेषज्ञों का सवाल है कि क्या अमेरिका एक बार फिर उसी धोखे का शिकार हो रहा है, जिसे 'आस्तीन का सांप' पालना कहा जाता है। पाकिस्तानी विश्लेषक रजा रूमी का तर्क है कि मुनीर जैसे प्रभावशाली सैन्य आंकड़ों का उदय यह दिखाता है कि पाकिस्तान में नागरिक सरकार की ताकत खत्म हो रही है और सेना पूरी तरह से हावी हो चुकी है। मुनीर ने हाल ही में ईरान की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी की है, जहां उन्होंने ईरानी राष्ट्रपति, विदेश मंत्री और संसद के अध्यक्ष के साथ–साथ ईरान के मिलिट्री सेंट्रल कमांड के प्रमुख से भी मुलाकात की थी। मुनीर का यह दौरा ईरान और अमेरिका के बीच एक शांति समझौते की कोशिशों के तौर पर देखा जा रहा है। पाकिस्तानी सैन्य बयान के अनुसार, मुनीर ने तेहरान में शीर्ष नेतृत्व और शांति वार्ताकारों के साथ लंबी चर्चा की है। इस पूरी कवायद का अगला और अहम पड़ाव अगले हते इस्लामाबाद में होने वाला है।


नफीस जाफरी

## परीक्षा केन्द्र तारा गर्ल्स इंटर कालेज का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में 10 परीक्षा केन्द्र नामित किये गये हैं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट श्रीमती पूजा चौधरी के साथ परीक्षा केन्द्र तारा गर्ल्स इण्टर कालेज का निरीक्षण कर परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद केन्द्र व्यस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखे जाये तथा सभी महत्वपूर्ण चरणों की व्यवस्थित ढंग से वीडियोग्राफी करायी जाय। डीएम ने परीक्षा कक्ष में प्रकाश एवं परीक्षार्थियों के लिए पेयजल के माकूल बन्दोबस्त रखने के भी निर्देश दिये।



# महिलाओं पर पप्पू के विवादित बयान से मचा सियासी तूफ़ान


गुलफिशा खान

बिहार महिला आयोग की ओर से जारी नोटिस को लेकर पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनके बयान को तोड़–मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है और वह महिलाओं के खिलाफ नहीं, बल्कि राजनीति में होने वाले कथित शोषण के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। उन्होंने कहा कि वे इन दिनों लगातार महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, जो कायदे से महिला आयोग को करना था। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को मैंने सदन के पटल पर भी रखा, जो सरकारी आंकड़े, मीडिया रिपोर्ट्स के साथ भाजपा नेता सुब्रह्मण्य स्वामी और मधु आदि के बयानों से संदर्भित था। साथ ही सांसद पप्पू यादव ने कहा कि उन्होंने अपने बयान में यह मुद्दा उठाया था कि राजनीति में आने वाली महिलाओं को कई बार शोषण का सामना करना पड़ता है, और इसी संदर्भ में उन्होंने टिप्पणी की थी. उनका कहना है कि इस मुद्दे पर पहले भी कई सामाजिक और राजनीतिक मंचों पर चर्चा हो चुकी है, लेकिन उनके बयान को अलग तरीके से पेश कर विवाद खड़ा किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि इसी तरह के अन्य बयानों या आरोपों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती, जबकि उनके आवाज उठाने पर तुरंत नोटिस जारी कर दिया गया। महिला आयोग को बताना चाहिए कि पटना में नीट की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या हुई, उसमें उन्होंने क्या किया? आयोग को नालंदा की उस घटना के बारे में भी बताना चाहिए, जिसमें सरेराह महिला के साथ रेप की कोशिश की गयी। आयोग ने इस मामले में क्या किया? बहरहाल, बिहार के पूर्णिया से कांग्रेस सांसद पप्पू यादव अपने एक विवादित बयान को लेकर गंभीर राजनीतिक संकट में फंस गए हैं। महिलाओं की गरिमा और उनके राजनीतिक संघर्ष पर की गई उनकी अमर्यादित टिप्पणी ने देशभर में आक्रोश पैदा कर दिया है। एक ओर



बिहार राज्य महिला आयोग ने उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किया है, तो दूसरी ओर एनडीए ने इस बयान को कांग्रेस की "महिला विरोधी मानसिकता" से जोड़कर देख रहा है। गौरतलब है कि पूर्णिया में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पप्पू यादव महिला आरक्षण विधेयक पर अपनी राय रख रहे थे। इसी दौरान उन्होंने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए कहा कि "90 प्रतिशत महिलाओं को राजनीति में जगह पाने के लिए किसी न किसी नेता के कमरे में जाना पड़ता है।" इस बयान ने न सिर्फ महिला नेताओं के चरित्र पर सवाल खड़े किए, बल्कि उन लाखों महिलाओं के संघर्ष का भी अपमान किया है, जो जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत कर रही हैं। यह टिप्पणी इसलिए भी चौंकाने वाली मानी जा रही है क्योंकि पप्पू यादव की पत्नी रंजीत रंजन स्वयं एक वरिष्ठ कांग्रेस सांसद हैं और पप्पू यादव अक्सर खुद को महिला अधिकारों का समर्थक बताते रहे हैं। बिहार राज्य महिला आयोग ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया है. आयोग की अध्यक्ष अप्सरा और सदस्य सजल झा ने संयुक्त बयान जारी कर टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। आयोग ने पप्पू यादव को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। आयोग की अध्यक्ष ने साफ कहा है कि यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात करेगा। आयोग की मांग होगी कि अमर्यादित आचरण करने वाले सांसद की संसद सदस्यता पर कार्रवाई की जाए। तो वहीं दूसरी ओर इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किल हालात पैदा कर दिए हैं। झारखंड सरकार की मंत्री और कांग्रेस की नेता दीपिका पांडे जब पटना पहुंचीं, तो मीडिया ने उनसे पप्पू यादव के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी. हालांकि, इस संवेदनशील मुद्दे पर जवाब देने के बजाय वह कैमरे से बचती नजर आईं। वहीं, भाजपा ने इस मुद्दे को जोरद्दशोर से उठाया है। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने बयान को पप्पू यादव की "वि.त मानसिकता" करार देते हुए सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। इन सबके बीच राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बयान का असर आगामी बंगाल चुनाव पर कांग्रेस को नुकसान के रूप में भुगतना पड़ सकता है। बंगाल में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं और ममता बनर्जी जैसे महिला नेतृत्व के मुकाबले कांग्रेस से जुड़े नेता का ऐसा बयान पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। वैसे यह किसी से छिपा नहीं है कि पप्पू यादव पहले भी अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं, लेकिन इस बार मामला आधी आबादी के सम्मान से जुड़ा है। महिला आयोग की सख्ती और लोकसभा अध्यक्ष तक मामला पहुंचने की संभावना ने उनकी सांसदी पर संकट खड़ा कर दिया है। अब देखना यह होगा कि वह अपने बयान पर माफी मांगते हैं या उनकी मुश्किलें और बढ़ती हैं।

# एमनेस्टी इंटरनेशनल रिपोर्ट का दावा ट्रंप, पुतिन, नेतन्याहू विनाश के पुजारी


फरीद वारसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भले पूरी दुनिया क्या कहती है, इसकी परवाह नहीं हो लेकिन एक ऐसा शख्स है जिसे वो नाराज नहीं करना चाहते, उससे दोस्ती बने रहे, इसी कोशिश में रहते हैं। हम बात कर रहे हैं अमेरिका के राइट विंग इन्लुएंसर पॉडकास्ट और कमेंटेटर जो रोगन की। कहा जाता है कि ट्रंप को दूबारा राष्ट्रपति की कुर्सी तक पहुंचाने में जो रोगन की भी बड़ी भूमिका थी। लेकिन ईरान जंग के बाद दोनों के रिश्तों में खटास आ गई है हालांकि हाल ही में ओवल ऑफिस में जो रोगन का आना और ट्रंप से मुलाकात करना, इसे ऐसे देखा जा रहा है जैसे ईरान युद्ध के बाद पैदा हुए तनाव में कुछ नरमी आई हो। कहा जा रहा है कि ट्रंप बहुत ज्यादा दिन तक रोगन को नाराज नहीं रखना चाहते। वहीं बात वैश्विक मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल की तो मालूम हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन और इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू क्या शिकारियों की तरह बर्ताव कर रहे हैं? बड़े पैमाने पर विनाश और दमन का सहारा लेकर क्या ये आर्थिक और राजनीतिक प्रभुत्व हासिल करना चाहते हैं? क्या ये तीनों दुनिया पर नई शिकारी व्यवस्था थोपने की कोशिश कर रहे हैं? क्या दुनिया के अधिकांश देश इतने 'डरपोक' हो चुके हैं कि इन्हें रोकने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं? कई लोग इससे असहमत हो सकते हैं, लेकिन वैश्विक मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल का ऐसा ही मानना है। गौरतलब है कि एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। इस मौके पर इस मानवाधिकार संस्था के महासचिव एग्रनेस कैलामार्ड ने ट्रंप, पुतिन और नेतन्याहू की बेहद कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर हालात को संभाला नहीं गया तो दूसरे विश्व युद्ध के बाद बनी व्यवस्था तबाह हो सकती है। पिछले 80 वर्षों में जो





बहुपक्षीय वैश्विक सिस्टम बना है, वह बिखर जाएगा। कैलामार्ड ने साल 2025 का उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि इस पूरे साल ट्रंप, पुतिन और नेतन्याहू जैसे नेता बड़े पैमाने पर विनाश, दमन और हिंसा के जरिए आर्थिक और राजनीतिक प्रभुत्व हासिल करने की कोशिश करते रहें। ये नेता अपने वर्चस्व और लालच के रास्ते में आने वाली हर चीज को नष्ट कर रहे हैं। ये मानवाधिकारों की बुनियाद पर हमला कर रहे हैं। ये तीनों नेता नैतिक रूप से दिशाहीन ऐसे विजन को बढ़ावा दे रहे हैं, जहां कूटनीति के बजाय युद्ध हावी हो गया है। वहीं महासचिव कैलामार्ड ने इन नेताओं की हरकतों को लेकर दुनिया की चुप्पी पर भी सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि इन 'शिकारियों' का सामना करने के बजाय अधिकतर देशों की सरकारें खासकर यूरोपीय देश तुष्टिकरण का रास्ता अपना रहे हैं। उन्होंने 'कायर' शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा कि कोई भी इनके द्वारा थोपे गए विनाश को रोकने के लिए आगे आने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। रिपोर्ट में जहां यूरोपीय देशों की आलोचना की गई है, वहीं स्पेन और स्लोवेनिया जैसे देशों की सराहना करते हुए कहा गया है कि इन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाई को "नरसंहार" कहने का साहस दिखाया। मिडिल ईस्ट संघर्ष और गाजा के हालात को कैलामार्ड ने "शिकारी वैश्विक व्यवस्था" का नया उदाहरण बताया. उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था नस्लवादी विचारधारा और अमानवीय विजन पर आधारित है। रिपोर्ट में इजरायल पर गाजा में नरसंहार और रंगभेद को बढ़ावा देने के आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने ट्रंप पर कानून के शासन को कमजोर करने और सत्ता के मनमाने इस्तेमाल का आरोप भी लगाया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि एमनेस्टी इंटरनेशनल की इस रिपोर्ट में चीन को "शिकारी" सूची में शामिल नहीं किया गया है। कहा गया है कि वह चुपचाप बहुत ही सावधानी और विवेक के साथ काम कर रहा है। हालांकि म्यांमार में सैन्य शासन का समर्थन करने और रूस की मदद करने में सीधे तौर पर शामिल होने को लेकर आलोचना की। एक इंटरव्यू में कैलामार्ड ने ट्रंप और पुतिन के वैश्विक विजन को नस्लीय और पितृसत्तात्मक करार दिया। ट्रंप पर कानून के शासन को कमजोर करने और सत्ता के मनमाने इस्तेमाल का आरोप लगाया। खासकर महिलाओं के यौन और प्रजनन अधिकारों को सीमित करने के मामले में उनकी तीखी आलोचना की। रूस में एलजीबीटी समुदाय के अधिकारों के दमन और पारिवारिक मूल्यों के नाम पर की जा रही कार्रवाई को लेकर पुतिन को आड़े हाथ लिया।

# महिला आरक्षण का मुद्दा-वार पर पलटवार की राजनीति


शबाब हुसैन

महिला आरक्षण के मुद्दे पर सरकार और विपक्ष आमने–सामने दिख रहे हैं। लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल गिरने के बाद जहां सरकार विपक्ष को महिला आरक्षण विरोधी बता रही है। वहीं विपक्ष का कहना है कि साल 2023 में इसी सरकार में महिला आरक्षण आया था, जिसे लागू करने के लिए विपक्ष ने भी साथ दिया था। लेकिन इसे सरकार ने लागू नहीं किया। वहीं अब सरकार परिसीमन कर लोकसभा की सीट बढ़ाते हुए महिलाओं के लिए आरक्षित सीट देना चाहती है। ऐसे में विपक्ष लगातार सरकार की नियत पर सवाल खड़े कर रही है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की नीयत पर सवाल उठाये हैं। अलका लांबा ने कहा महिला आरक्षण पर अब कोई बहस नहीं हो सकती, क्योंकि 2023 में ही विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो चुका है। अलका लांबा ने आरोप लगाया कि महिला विरोधी सोच के चलते एनडीए सरकार ने 30 महीने तक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया। अलका लांबा ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर केंद्र सरकार संसद की सीटों में बढ़ोतरी के बाद ही महिला आरक्षण क्यों देना चाहती है? मौजूदा 545 सीटों पर ही आरक्षण क्यों नहीं दिया जा सकता? महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि महिला कांग्रेस आगामी मॉनसून सत्र में सदन में दबाव बनाएगी, तो उससे पहले भी अभियान चलाकर केन्द्र सरकार को जगाने का काम करेंगे। महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि जब संसद का विशेष सत्र बुलाया गया, तो 16 अप्रैल को सरकार ने मजबूरी में नोटिफिकेशन निकाला। साल 2023 में महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से संसद में पारित होने के बाद 2024 के चुनाव में मौजूदा 543 सीटों पर ही एक तिहाई आरक्षण दे दिया गया होता, तो आज 180 महिलाएं लोकसभा में निर्वाचित सांसद के रूप में बैठी होती।

विदित हो कि महिला आरक्षण बिल को लेकर बीते कुछ दिनों






से देश का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक से जुड़ा संविधान संशोधन प्रस्ताव गिरने के बाद भारतीय जनता पार्टी सहित एनडीए के अन्य सहयोगी दल कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दलों पर तीखे हमले कर रहे हैं। जगह–जगह विरोध–प्रदर्शन हो रहा है। इन विरोध–प्रदर्शनों की सबसे खास बात यह है कि हर जगह महिलाओं को आगे से नेतृत्व करने का मौका दिया जा रहा है। पार्टी दतर में प्रेस कॉफ्रेंस हो या सड़क पर जनाक्रोश मार्च, ज्यादातर महिलाएं ही नजर आ रही हैं। पटना में एनडीए की महिला नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनाक्रोश मार्च निकाला। अब कांग्रेस भाजपा सहित एनडीए को उसी की भाषा में जवाब देने जा रही है। कहा जा रहा है कि महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर हमलावर भाजपा पर पलटवार करने के लिए कांग्रेस ने देश भर में प्रेस कांफ्रेंस करने की रणनीति तैयार की है। पार्टी नेताओं को निर्देश दिया गया है कि संसद सत्र के दौरान प्रियंका गांधी के भाषण और उनके प्रेस कांफ्रेंस के संदेश को लोगों को बताएं। प्रेस कांफ्रेंस से पहले सभी संबंधित नेताओं के साथ पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ऑनलाइन बैठक की जिसमें प्रियंका गांधी के साथ ही महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर सोनिया गांधी के लेख को लेकर भी जानकारी दी गई। मालूम हो कि संसद में महिला आरक्षण बिल की हार चुकी लड़ाई भाजपा सड़कों पर ले आई है। देश की राजधानी दिल्ली, लखनऊ, पटना, बेंगलुरु सहित कई शहरों में भाजपा की महिला नेता कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन कर रही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी नेएक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर आरोप लगाया कि वे विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिलने पर खुशी मना रहे हैं, जबकि विभिन्न दलों की महिला नेता दशकों से इसकी मांग कर रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया, ''कांग्रेस पार्टी ने गर्व से मुस्कुराते हुए, मेजें थपथपा कर, आम महिलाओं की राजनीतिक आकांक्षाओं को कुचले जाने का जश्न मनाया। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इस बात का जश्न मनाया कि जिन महिलाओं ने वर्षों तक राजनीति में संघर्ष किया है और जो संसद में केवल 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रही थीं, उन्हें उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया।''

# आज से आठ मई तक होगा खाद्यान्न वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 योजना के अन्तर्गत माह मई के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न (गेहूं एवं चावल) का निःशुल्क वितरण 24 अप्रैल से 08 मई के मध्य वितरण कराया जायेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 योजना के अन्तर्गत माह मई में आंवटित खाद्यान्न में आवंटित गेहूँ तथा फोर्टीफाइड चावल का अन्त्योदय राशन कार्डों पर 10 किग्रा० गेहूँ तथा 25 किग्रा० फोर्टीफाइड चावल (कुल 35 किग्रा० खाद्यान्न) एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 01 किग्रा० गेहूँ व 04 किग्रा० फोर्टफाइड चावल (कुल 05 किग्रा० खाद्यान्न प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क वितरण किया जाना है। ई–पास मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ एवं फोर्टीफाइड चावल का मूल्य शून्य प्रदर्शित होगा। इस बार माह मई का वितरण माह अप्रैल में 24 अप्रैल से 08 मई तक किया जाना निर्धारित है। अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी 2024 से आगामी 05 वर्ष तक निःशुल्क खद्यान्न वितरित कराए जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। कोई भी राशनकार्डधारक पोर्टिबिलिटी के अन्तर्गत ऐच्छिक दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 08 मई ही नियत होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु 08 मई को मोबाईल ओ०टी०पी० वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि उपर्युक्तानुसार कार्डधारकों में प्रातः काल 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक वितरण करना सुनिश्चित करें।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरोध में सीएम के नाम दिया ज्ञापन

## - प्रीपेड मीटर पोस्टपेड में बदलने की मांग की गई

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। असपा नेता वर्तमान चेयरमैन पति व पूर्व चेयरमैन अफजाल खान द्वारा समस्त नगरवासियों व देहात व वासियों की मौजूदगी में 23 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को मित्तरगढ़ रोड स्थित 33/11 विधुत उप केन्द्र बिजली घर पर सुबह 11 बजे सभी लोगों ने एकत्रित होकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दौरान उपभोक्ताओं के घरो में लगाये गए प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरोध में विधुत अधिकारी एसडीओ अंशुमन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन दिया। यूपी में प्रीपेड स्मार्ट मीटर का मुद्दा चर्म सीमा पर है जोकि यूपी की जनता के गले नही उतर रहा है और उतरेगा भी नही क्योंकि एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वर्तमान में लगभग 80 से 81 करोड़ लोग राशन कार्ड के माध्यम से रियायती या मुत राशन लेते हैं। इससे साफ अंदाजा लगाया जाता है कि 80 से 81 करोड़ भारतीय लोग भारत सरकार पर ही निर्भर है। अब इस भारत में विदेशी विधुत तकनीकी को लाकर भारत की जनता पर जुर्म किया जा रहा है। बढती गर्मी में प्रीपेड स्मार्ट मीटर के माध्यम से शून्य बेलेंस पर सप्लाई बन्द कर दी जाती है जिस से तंग आकार नानौता की जनता ने ज्ञापन के माध्यम से यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई है। दिए गए ज्ञापन पात्र में कहा गया है कि हमारे यहाँ विद्युत विभाग का बिजली घर नम्बर 33/11 है जो काफी समय से क्षेत्र के लोगो को विद्युत सप्लाई करता चला आ रहा है। लगभग सभी क्षेत्र वासियो के यहाँ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा दिये गये है पिछले दिनो से स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मोड पर डाल दिया गया है जिस कारण मीटर मे प्रर्याप्त धनराशि न होने के कारण विद्युत सप्लाई बन्द हो जाती है जिससे जनता को काफी परेशान का सामना करना पडता है क्षेत्र के अधिकतर लोग मजदूरी पेशा व्यक्ति है तो अपने विद्युत मीटर को पहले से रिचार्ज नही कर पाते मुख्यमंत्री से सविनय क्षेत्र की जनता प्रार्थना करती है कि लगाये गये प्रीपेड स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मोड से हटाकर मासिक बिलिंग स्टेज पर लगाया जाये जिससे क्षेत्र की जनता समय से बिलो का भुगतान कर विद्युत का प्रयोग कर सके। इस दौरान सलमान मलिक, नसीम सिद्दीकी, दिग्विजय सिंह उर्फ बन्टी, राजू पाल, पूर्व सभासद दानिश मलिक, सभासद शाहीद खान उर्फ कालू, सादिक सेफी, शमशेर खान, वाजिद मलिक, नईम प्रधान, मुस्तकीम मंसूरी, महरबान चौधरी, सभासद फराज सिद्दीकी, नूर मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।



# डीएम व सीडीओ ने निर्माणाधीन ग्लास म्यूजियम व ऑडिटोरियम का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने ऑडिटोरियम में बॉल पेंटिंग का अवलोकन किया और उसकी कलात्मकता की सराहना की। उन्होंने ऑडिटोरियम में अत्याधुनिक साउंड सिस्टम स्थापित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए की ऑडिटोरियम के अवशेष कार्य को हर हाल में मई के अंत तक पूरा कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सूचना पर्यटन केंद्र का भी भ्रमण किया, उन्होंने ऑडिटोरियम और ग्लास म्यूजियम तक पहुंचने के लिए मार्ग को बेहतरीन तरीके से निर्मित करने के निर्देश दिए, जिससे यहां आने वाले आगंतुकों को कोई असुविधा न हो, जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य मार्ग सु.ढ़ीकरण के दौरान परिसर में स्थित पेड़ों को कदापि न काटा जाए। उन्होंने विकास के साथ–साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वह इस महत्वपूर्ण कार्य का स्वयं निरीक्षण और परीक्षण करते रहें। जिलाधिकारी के प्रयासों से यह परियोजना समय से पहले पूर्ण हो रही है।



# कौशल विकास मिशन के तहत हेल्थकेयर कोर्स का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख–सीतापुर। मिश्रिख क्षेत्र के भगवत मेमोरियल डिग्री कॉलेज धर्मापुर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत आर्टिकल टेक्नोलॉजी इंटरप्राइजेज द्वारा हेल्थकेयर हॉस्पिटल फ्रंट डेस्क कोऑर्डिनेटर कोर्स का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राम.ष्ण भार्गव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण मिल रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने भविष्य को सशक्त बना सकते हैं। इस दौरान एमआईएस डीपीएमयू संदीप कुमार, आर्टिकल टेक्नोलॉजी के तहत ललित कुमार त्रिपाठी एवं आयुष भार्गव, सेंटर मैनेजर जयकरन राजवंशी, शिक्षक पवन कुमार, सौरभ कुमार श्रीवास्तव और रवि कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं एवं उनके अभिभावक भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।



# मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन ओवर ब्रिज व यमुना नदी पर सेतु पहुंच मार्ग का किया निरीक्षण

## - कार्य ससमय पूर्ण करने व गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। मंडलायुक्त आगरा नगेन्द्र प्रताप द्वारा जिलाधिकारी रमेश रंजन के साथ फिरोजाबाद के सुहाग नगर चौराहे से सुभाष चौक, जैन मन्दिर तक शहरी मार्ग पर निर्माणाधीन 02 लेन सडक उपरगामी सेतु (लाई ओवर) का स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 1 हजार 291.69 मी0 लम्बे इस सेतु का निर्माण कार्य तीर्व गति से चल रहा है, जो करीब 7 हजार 269.78 की लागत से निर्मित किया जा रहा है, इसमे अभी तक 64 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मंडलायुक्त को अवगत कराया गया कि सेतु के सभी 208 पाए का कार्य पूर्ण हो चुका है, सेतु के लिए निर्धारित 117 बीम में से 107 बीम तैयार कर लिए गए है। साथ ही 39 स्पॉन क्रॉस बीम में से 29 और 39 डैक स्लैब में से 21 का कार्य सम्पन्न हुआ है। निरीक्षण के अंत में मंडलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किए गए कार्य की परियोजना की प्रगति में और तेजी लाए तथा इस कार्य का निरीक्षण थर्ड पार्टी से कराया जाए, अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य तिथि 31 मार्च 2027 तक हर हाल में सेतु निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आम जनता को यातायात की सुगम सुविधा प्राप्त हो सके। मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप द्वारा शिकोहाबाद के अंतर्गत ग्राम रामदासपुरा के पास निर्माणाधीन सेतु, पहुंच मार्ग तथा सुरक्षात्मक कार्यों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उनको अवगत कराया गया कि रूपये 6 हजार 273.59 लाख की इस पुनरीक्षित लागत वाली परियोजना की अब तक की भौतिक प्रगति 72 प्रतिशत है और वित्तीय प्रगति 74 प्रतिशत रही है, सेतु की कुल ल0 477.75 मी0 है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान पाया कि सेतु के सभी 10 वेल फाउण्डेसन में से 9 का कार्य पूर्ण हो चुका है, 08 टियर का कार्य पूर्ण हो चुका है, सेतु के कुल 27 बीमों में से 21 का कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष 6 बीमों और 9 डैक स्लैब के कार्य को गति देने के साथ ही नदी में रास्ता बनाकर बीम लांचिंग का कार्य तत्काल प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होने कार्यदायी संस्था (उ0प्र0राज्य सेतु नि0 लि0) को निर्देश दिए कि परियोजना के समस्त कार्यों को दिसम्बर 2026 के पहले हर हाल में मानक और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य आदि सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



# तीस घटे से जारी बजरंग दल का धरना समाप्त

## – प्रशासन के आश्वासन पर माने कार्यकर्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अडिग बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आखिरकार 30 घंटे के लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद अपना धरना समाप्त कर दिया है। तंबौर के रामलीला मैदान में चल रहा यह विरोध प्रदर्शन पुलिस प्रशासन और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मध्यस्थता के बाद शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। धरने की गंभीरता को देखते हुए सीओ लहरपुर अभिषेक कुमार मौके पर पहुंचे। उनके साथ विश्व हिंदू परिषद के जिलामंत्री शिवम मिश्रा व अगस्त सिंह जिला सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों और पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से लंबी वार्ता की, जिसके बाद कार्यकर्ता इस शर्त पर धरना खत्म करने को राजी हुए कि उनकी जायज मांगों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं और क्षेत्र की मांगों को लेकर एक पांच सूत्रीय लिखित मांग पत्र सीओ लहरपुर को सौंपा। तंबौर के रामलीला मैदान में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और 30 घंटे तक डटे रहने के जज्बे की क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है। धरने की समाप्ति के बाद स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली है।




# मंडलायुक्त व डीएम ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा



न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। आगामी होमगार्ड भर्ती परीक्षा को शुचितापूर्ण, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज मण्डलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने जिलाधिकारी रमेश रंजन के साथ राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त को अवगत कराया गया कि उक्त केंद्र पर कुल 240 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। गर्मी के मौसम को देखते हुए मण्डलायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि केंद्र पर आने वाले परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त छाया (शेड) और शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा न हो। अधिकारियों को सख्त मण्डलायुक्त ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षाओं में जाकर सिटिंग प्लान (बैठने की व्यवस्था) को भी देखा और निर्देश दिए कि मानक के अनुरूप पर्याप्त दूरी और अनुशासन बनाए रखा जाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी टूण्डला, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति में पदाधिकारियों का प्रमोशन

## - राशिद खान चांद बने प्रदेश उपाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति (ऑल इंडिया पंजी.त) की एक महत्वपूर्ण बैठक सीतापुर–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित खैराबाद के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के आगामी वृहद कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के साथ–साथ सक्रिय पदाधिकारियों को प्रमोट कर प्रदेश कमेटी में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष बिनोद कुमार वर्मा ने की। इस दौरान संगठन के विस्तार और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। आगामी दिनों में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई, जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा पदाधिकारियों को सम्मानित किए जाने की रूपरेखा भी तय की गई। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के तहत लखनऊ मंडल के अध्यक्ष रहे राशिद खान चांद को प्रमोट कर प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, अब तक प्रदेश सचिव रहे डॉ. आर.के. यादव को राष्ट्रीय संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। सिद्धार्थनगर की जिलाध्यक्ष रहीं पूजा तिवारी एडवोकेट को प्रदेश सचिव महिला विंग बनाया गया। इसके अलावा जिलाध्यक्ष रहे निशांत त्रिपाठी को प्रदेश सचिव का दायित्व दिया गया तथा दानिश कुरेशी को लखनऊ मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही असद जुनैद को लखनऊ मंडल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक की शुरुआत पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद नव नियुक्त पदाधिकारियों और विभिन्न जिलों व मंडलों से आए पत्रकारों का माल्यार्पण व संगठन का पटका पहनाकर स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रताप तिवारी, जिलाध्यक्ष अचल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रीतेश गुप्ता, प्रदेश सचिव विकास मिश्र, मंडल सचिव आरिफ अंसारी, रफी अहमद सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।



# बेटी की हत्या कर पिता ने रिश्तों को किया शर्मसार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। गांव बिंझेड़ी में एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने अपनी ही 17 वर्षीय बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और गांव में शोक व भय का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार किशोरी का किसी अन्य युवक से बातचीत करना पिता को नागवार गुजर रहा था। इसी बात को लेकर घर में अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जा रहा है कि परिवार की कथित बदनामी के डर और गुस्से में आकर पिता ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। आरोप है कि उसने घर के भीतर ही बेटी का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना नगीना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर समाज में रिश्तों के कमजोर होते ताने–बाने और तथाकथित सामाजिक दबाव के चलते होने वाले अपराधों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव के लोग घटना से स्तब्ध हैं और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# रामगंगा किनारे मिला लापता युवक का शव, हत्या की आशंका से सनसनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। छह दिन से लापता चल रहे एक युवक का शव रामगंगा नदी के पास झाड़ियों में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान टांडा बेरखेड़ा निवासी 22 वर्षीय मनोज के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है।

परिजनों के मुताबिक मनोज 17 अप्रैल को स्योहारा बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका, जिस पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मनोज को आखिरी बार ठाकुरद्वारा रोड स्थित रामगंगा पुल के आसपास दो युवकों के साथ देखा गया था। बताया जा रहा है कि दोनों उसके परिचित थे। पुलिस ने इस आधार पर संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है। इसी बीच बुधवार को रामगंगा नदी के किनारे झाड़ियों में एक शव पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई, जिसमें वह मनोज निकला। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जलभराव प्रभावित गांवों में धामपुर शुगर मिल टीम का निरीक्षण

## – किसानों को दिए तकनीकी सुझाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा और गन्ना विकास विभागाध्यक्ष करुण अग्रवाल ने मिल क्षेत्र के जलभराव प्रभावित गांवों का दौरा कर किसानों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने अमखेड़ा, जमालपुर, ढक्का करमचंद, गजूपुरा, गजरौला, कोडीपुरा, भूरापुर, गौयली और मोहम्मदपुर सादा सहित कई गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अमखेड़ा निवासी किसान राकेश कुमार के खेत में ट्रेंच विधि से लगाए गए सीओ–0118 गन्ना प्लांट का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों को आधुनिक .षि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए यांत्रिक कीट नियंत्रण पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि फसल को कीटों से बचाने के लिए फेरोमेन ट्रैप का उपयोग करें तथा पावर स्प्रेयर के माध्यम से समय–समय पर कीटनाशक और फफूंदनाशी दवाओं का छिड़काव करें। साथ ही पेड़ी फसल में त्डक के प्रयोग और टॉप बोरर की रोकथाम के लिए सीटीपीआर की ड्रेंचिंग करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक विधियों को अपनाने से गन्ना उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ गुणवत्ता भी बेहतर होगी। इस मौके पर कामरान अहमद, नवनीत कुमार, मुनेश कुमार और .ष्ण कुमार समेत विभागीय स्टाफ मौजूद रहा।

# उपचुनाव में सपा प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन

## – सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक ने काटा फीता

न्यूज वाणी ब्यूरो/शाहजहांपुर। कटरा नगर पंचायत के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर भरत पटेल के चुनाव कार्यालय का आज उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन शाहजहांपुर के समाजवादी जिलाध्यक्ष तनवीर खान पूर्व विधायक राजेश यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर भरत पटेल व कटरा के पूर्व चेयरमैन सुकेश गुप्ता जी और क्षेत्रीय लोगों ने सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री



अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सभा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल को फूल माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया। उसके बाद पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों के साथ मुख्य बाजार में पहुंचकर सभी व्यापारियों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ भरत पटेल के पक्ष में मतदाता करने की अपील की. इस मौके पर हरिशंकर गुरुजी, लाल बाबू, जावर बाबू, ज्ञानवीर यादव, अनीस मंसूरी, समीर गुप्ता, सिद्दीक खान, बृजेश गंगवार,मिथिलेश गंगवार उर्मिला वर्मा, अजीम मंसूरी नाजिम अंसारी, सुरेंद्र मास्टर साहब, आरिफ खान, अमन खान, फूल खान, विपिन यादव, धर्मेंद्र यादव, विनीत यादव, प्रभात गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य करने वाले अभियुक्त को बीस वर्ष का कठोर कारावास

(संवाददाता) हमीरपुर। नाबालिक से अप्राकृतिक कृत्य करने वाले अभियुक्त को बीस वर्ष का कठोर कारावास एवं अर्थदंड से सजा सुनाई गई। गौरतलब है कि जनपद के थाना कुरारा में मुकदमा अपराध संख्या 394/2023 धारा 377, 504,506 भारतीय दंड संहिता, 06 पाक्सो एक्ट में अभियुक्त संजय कुमार पाण्डेय उर्फ संगम गिरि पुत्र स्व0 राजेन्द्र कुमार पाण्डेय निवासी नया बस स्टैण्ड कस्बा व थाना बिंवार हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग 07 नवंबर 2023 को पंजीकृत किया गया। आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग मे अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप न्यायालय विशेष पाक्सो एक्ट कोर्ट द्वारा अभियुक्त संजय कुमार पाण्डेय उर्फ संजय गिरी उपरोक्त को दोषसिद्ध करते हुये बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं सोलह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियुक्त द्वारा वादी के पुत्र को बुरी नियत से पकड़कर अप्राकृतिक कृत्य करना व गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देना देना जैसा अपराध किया गया था।

# एनीमिया मुक्त अभियान को गति देने के लिए राज्य स्तरीय मीडिया कार्यशाला आयोजित

(संवाददाता) लखनऊ। "एक खुराक, दो जीवन का वरदान" के संदेश के साथ एनीमिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा एनीमिया मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में जनसंचार माध्यमों की भूमिका को सशक्त करने के उद्देश्य से गुरुवार को लखनऊ में राज्य स्तरीय मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश तथा सहयोगी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग, अमित कुमार घोष ने की।कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों, सहयोगी संस्थाओं तथा स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान एनीमिया की रोकथाम, समय पर जांच तथा प्रभावी उपचार से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यशाला को संबोधित करते हुए अमित कुमार घोष ने कहा कि राज्य सरकार एनीमिया की दर को कम करने तथा इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एनीमिया नियंत्रण को प्राथमिकता दी गई है और प्रदेश में एएनएम, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से आयरन–फोलिक अम्ल की गोलियों का वितरण, कृमिनाशक दवाओं का सेवन, पोषण परामर्श तथा जांच सेवाओं को मजबूत किया गया है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 83.4 प्रतिशत प्रसव सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में हो रहे हैं, जिससे माताओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। गंभीर एनीमिया के उपचार के लिए आयरन–फोलिक अम्ल की गोलियों के साथ आधुनिक उपचार पद्धति को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2026 में प्रदेश ने अंतःशिरा आयरन की 3.7 लाख खुराकें खरीदी हैं, जिन्हें गंभीर एनीमिया से ग्रस्त गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराया जाएगा।अपर मुख्य सचिव ने बताया कि एनीमिया मुक्त कार्यक्रम एक सुदृढ़ ढांचे पर आधारित है, जिसमें छह लाभार्थी समूह, छह प्रमुख हस्तक्षेप तथा छह संस्थागत व्यवस्थाएं शामिल हैं। इस मॉडल के अंतर्गत छोटे बच्चों, स्कूली बच्चों, किशोर–किशोरियों, प्रजनन




आयु की महिलाओं तथा गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को विशेष रूप से शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा इस रणनीति को प्रदेश के सभी 75 जिलों में लागू किया गया है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं।महानिदेशक, परिवार कल्याण, डॉ. हरिदास अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2006 में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की दर 52 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2021 में घटकर 46 प्रतिशत रह गई है। इसी प्रकार किशोरियों तथा छोटे बच्चों में भी एनीमिया की दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि गर्भवती तथा धात्री माताओं के लिए नियमित जांच, परामर्श तथा समय पर आयरन–फोलिक अम्ल की खुराक सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।महानिदेशक, प्रशिक्षण, डॉ. रंजना खरे ने कहा कि एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए स्वास्थ्यकर्मियों तथा अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं का नियमित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अब तक 10 हजार से अधिक जिला एवं खंड स्तर के चिकित्सा अधिकारियों तथा परिचारिकाओं को नवीन उपचार प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।अपर निदेशक, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, डॉ. अजय गुप्ता ने राज्य में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि आयरन–फोलिक अम्ल की गोलियों की उपलब्धता तथा उपयोग में सुधार हुआ है, जिससे लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंच बेहतर हुई है। उन्होंने अंतिम स्तर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने, दवा सेवन की नियमितता बढ़ाने तथा निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशालय, डॉ. शालू गुप्ता ने कहा कि मातृत्व स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम, समय पर जांच, संतुलित पोषण तथा आयरन–फोलिक अम्ल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।इस अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मोनिका अग्रवाल ने कहा कि संतुलित पोषण के अभाव में एनीमिया की शुरुआत प्रायः किशोरावस्था से ही हो जाती है। यदि इस अवस्था में पर्याप्त पोषण और देखभाल न मिले, तो यह समस्या लंबे समय तक बनी रह सकती है और गर्भावस्था के दौरान गंभीर रूप ले सकती है। उन्होंने कहा कि सभी आयु वर्ग, विशेषकर किशोरियों में समय–समय पर जांच कराना आवश्यक है, जिससे एनीमिया का समय रहते उपचार किया जा सके। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न सहयोगी संस्थाओं तथा जनसंचार माध्यमों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनीमिया मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी विभागों तथा मीडिया के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया।

# बैना में 'साइलेंट ऑपरेशन': विजिलेंस इंस्पेक्टर का घर खंगाला, 80-90 लाख के जेवर पार, दूसरी चोरी से गांव दहशत मे

(संवाददाता) कानपुर देहात। राजपुर थाना क्षेत्र का बैना गांव बुधवार रात चोरों के लिए खुला मैदान बन गया। बेखौफ बदमाशों ने ऐसी सुनियोजित वारदात को अंजाम दिया, जिसने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाते हुए चोर लाखों नहीं, बल्कि करीब 80 से 90 लाख रुपये तक के जेवरात और नगदी समेट ले गए। सबसे बड़ी चोरी सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) में तैनात इंस्पेक्टर पारथ सिंह के पैतृक घर में हुई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना उस वक्त हुई जब भीषण गर्मी के चलते परिवार के लोग घर के बाहर खुले में सो रहे थे। इसी का फायदा उठाकर चोर पीछे की दीवार के सहारे छत पर चढ़े और लोहे के जाल को पार कर घर के अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद उन्होंने बेहद शातिराना अंदाज में पहले कमरों की तलाशी ली, बक्शों से नगदी निकाली और फिर पूरी अलमारी को ही उठा ले गए। चौंकाने वाली बात यह रही कि चोर अलमारी को घर के अंदर ही नहीं तोड़ते, बल्कि उसे छत पर ले जाकर आराम से तोड़ा और उसमें रखे सोने–चांदी के कीमती जेवरकृ हार, चेन, अंगूठियां, कंगन और शादी के लिए रखे गहनेकृसब कुछ समेट लिया। परिजनों के मुताबिक अलमारी में वर्षों की जमा पूंजी और बेटी की शादी के गहने रखे थे। सुबह का दृश्य किसी फिल्मी वारदात से कम नहीं था। घर का मुख्य गेट अंदर से कपड़े से बांध दिया गया था ताकि कोई अचानक अंदर न आ सके। जब दादी आशा देवी ने किसी तरह गेट खोलकर अंदर प्रवेश किया तो कमरों का सामान बिखरा पड़ा था, बक्शे खुले थे और अलमारी गायब थी। यह देख परिवार के होश उड़ गए और गांव में हड़कंप मच गया। हैरानी की बात यह है कि चोर इतने बेखौफ थे कि उन्होंने इसी रात पड़ोसी गोविंद सिंह के घर को भी निशाना बना डाला। लकड़ी की प्लाई हटाकर अंदर घुसे बदमाश बक्शा उठाकर ले गए, जिसमें सोने की माला, अंगूठी, चांदी की पायल और करीब 5 हजार रुपये नगद थे। सुबह बक्शा घर के पीछे खेत में टूटा हुआ मिला, जिससे साफ है कि चोरों ने वारदात के बाद आराम से





सामान खंगाला और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए गए, लेकिन ग्रामीणों का गुस्सा साफ झलक रहा है। लोगों का कहना है कि अगर क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त होती तो इतनी बड़ी वारदात संभव नहीं थी। एक ही रात में दो घरों में सेंध लगना यह दर्शाता है कि चोरों को न पुलिस का डर है और न ही पकड़े जाने का भय। संपर्क करने पर विजिलेंस इंस्पेक्टर पारथ सिंह ने फोन पर बताया कि चोरी गए जेवरात की कीमत 80 से 90 लाख रुपये के बीच है। वह गांव पहुंचकर विस्तृत जानकारी लेने के बाद थाने में तहरीर देंगे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन बैना गांव में दहशत का माहौल है। लोग रात में जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। इस वारदात ने न सिर्फ गांव, बल्कि पूरे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पतारा गांव में भीषण गर्मी के बीच पेयजल का गहराया संकट

## -भाजपा के मंडल महामंत्री दिनेश द्विवेदी ने राज्य मंत्री को सौपा पत्र

(संवाददाता) कुरारा (हमीरपुर)। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के कुरारा विकास खंड स्थित पतारा गाँव में भीषण गर्मी के बीच पेयजल का गहरा संकट खड़ा हो गया है। हैरानी की बात यह है कि गाँव श्नमामि गंगेश जैसी बड़ी परियोजना से जुड़ा होने के बाद भी पानी की बूंद–बूंद को तरस रहा है। इस समस्या को लेकर भाजपा के मंडल महामंत्री दिनेश द्विवेदी ने प्रदेश के जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।नई पाइपलाइन बनी परेशानी का सबब ग्रामीणों का आरोप है कि जब से नमामि गंगे परियोजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाई गई है, तब से गाँव के कई हिस्सों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पुरानी पाइपलाइन से जहाँ पर्याप्त पानी मिलता था, वहीं नई व्यवस्था में कई इलाकों तक पानी पहुँच ही नहीं रहा है। कुछ घरों में पानी का दबाव इतना कम है कि वह केवल श्नाममात्रश का रह गया है। इन मोहल्लों में स्थिति गंभीर दिनेश द्विवेदी द्वारा भेजे गए पत्र में गाँव के उन विशिष्ट क्षेत्रों का उल्लेख किया गया है जहाँ लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। सुखदेव श्रीवास के मकान से सुनील वर्मा के घर की ओर जाने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र।कालका माता मंदिर मोहल्ला (राम किशोर द्विवेदी के मकान तक) पूरा क्षेत्र। कन्या प्राथमिक विद्यालय से संजू द्विवेदी और बउवा गुप्ता के घर तक संपूर्ण क्षेत्र। प्रजापति मोहल्ला तथा ठाकुरदीन प्रजापति के घर से अनिल द्विवेदी के आवास तक पूरे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित है। टोल–फ्री नंबर पर शिकायत भी बेअसर पत्र में इस बात पर भी नाराजगी जताई गई है कि भीषण गर्मी के इस दौर में ग्रामीण पानी की किल्लत झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने विभागीय टोल–फ्री नंबर पर कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ है। भाजपा मंडल महामंत्री ने जलशक्ति राज्य मंत्री को पत्र सौंप कर निवेदन किया है कि इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान लिया जाए और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर पेयजल आपूर्ति बहाल कराई जाए, ताकि ग्रामीणों को इस भीषण तपिश में राहत मिल सके।

# राजकीय उद्यान कंपनी बाग में नियत दरों पर हो रही है पौधों की बिक्री, जिला उद्यान अधिकारी

(संवाददाता)

हमीरपुर पिछले कुछ दिनों से दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कंपनी बाग हमीरपुर में धांधली व नियत दरों से अधिक मूल्य पर पौधों की बिक्री की खबरें छप रही थी। इन खबरों को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला उद्यान अधिकारी ने इसकी जांच की। उन्होंने जांच में गलत पाया। यह जानकारी जिला उद्यान अधिकारी ने देते हुए बताई। उन्होंने आगे बताया कि कंपनी बाग से पौधों का क्रय करने वाली ग्राम कुसमरा विकासखंड कुरारा हमीरपुर की कृषक शशि त्यागी पत्नी अयोध्या प्रसाद से मुलाकात हुई। जिससे कृषक द्वारा बताया गया कि नियत दरों पर 1111 करौंदे के पौधों का 15 रुपए प्रति दर से प्राप्त हुए हैं। साक्ष्य के तौर पर



राजकीय उद्यान कंपनी के पौधों के क्रय की सरकारी रसीद भी उपलब्ध कराई तथा करौंदे के बाग को दिखाते हुए कहा कि पौधों का विकास अच्छा हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इसी प्रकार ग्राम किशनपुर विकासखंड मौदहा हमीरपुर के कृषक भागिया पत्नी स्वर्गीय शिवराम द्वारा भी सरकारी रसीद दिखाते हुए बताया गया कि उन्होंने राजकीय उद्यान कंपनी बाग से नियत दर पर ही नींबू के 278 पौधे 40 रुपए की दर से क्रय किए तथा उनसे कोई भी अतिरिक्त धन की मांग नहीं की गई। जिला उद्यान अधिकारी से मूल्य से अधिक दरों पर पौधों की बिक्री के विषय में वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि उनके अधीन जनपद में विभागीय तीन पौधशालाएं चल रही है। जिनमे राजकीय पौधशाल पौथिया, राजकीय पौधशाला बिवार व सार्वजनिक उद्यान कंपनीबाग संचालित है। जिनमें पौधे बीजों के द्वारा तैयार कर राजकीय दरों पर बिक्री की जा रही है। दरों में कोई मतभेद न हो इसलिए सभी पौधशालओ में प्रजाति वार पौधों की राजकीय बिक्री दरों को बोर्ड में लिखवाया भी गया है। जिसे मौके पर सत्यापन भी किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि जिला उद्यान विभाग को बदनाम करने की नियत से यह कूटरचित खबरें प्रकाशित की जा रही हैं। जिनका वास्तविकता से कोई सरोकार नहीं है।

# ग्राम रोजगार सेवक को दस माह से मानदेय न मिलने पर उनके द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन

(संवाददाता) कुरारा(हमीरपुर) स्थानीय विकास खंड कार्यालय में कार्यरत ग्राम रोज़गार सेवक को दस माह से मानदेय न मिलने के कारण धरना प्रदर्शन किया गया। ब्लाक कार्यालय के सामने प्रांगण में आज आठ दिन धरना दे रहे हैं। क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में कार्यरत मनरेगा रोजगार सेवकों का मानदेय दस माह से लंबित पड़ा हुआ है। जिसको लेकर एक सप्ताह से रोजगार सेवक ब्लाक कार्यालय के सामने प्रांगण में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए है। आज धरना का आठवां दिन है। लंबित भुगतान न मिलने के कारण आर्थिक स्थित खराब हो गई है। मजबूरी में भुगतान के लिए धरना पर बैठना पड़ा। धरना स्थल पर बैठे रोजगार सेवक संजय कुमार, गुलाब सिंह, प्रवीण कुमार रंजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, देवेश चंद्र,कमलेश, सूर्यकांत द्विवेदी, वीर विक्रम सिंह, प्रमोद कुमार, रविन्द्र सिंह अजय कुमार आदि ने बताया कि मानदेय न मिलने के कारण परिवार के भरण पोषण का




सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में धरना प्रदर्शन करना पड़ा एक सप्ताह से अनिश्चित कालीन धरना जारी है।

# खुद गोली मारकर युवक ने किया खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। तिंदवारी थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार तिंदवारी थाना क्षेत्र के बंहिगा गांव निवासी अनिल यादव 23 पुत्र जागेश्वर बुधवार की दोपहर तिंदवारी गया था। वहां से वह नशे की हालत में घर लौटा। इसके बाद वह मवेशी लेकर खेत चला गया। तभी रास्ते मे उसने कनपटी में सटाकर तमंचे से गोली मार ली। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर जमीन में गिर पड़ा। फायर की आवाज सुनकर परिजनो के अलावा आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। परिजन तत्काल उसे नजदीक के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे कानपुर लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता जागेश्वर ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था। कई बार उसे मना किया गया लेकिन वह नहीं मान रहा था। वह सोनी पथ में मजदूरी करता था। एक माह पहले गांव आया था। उसकी शादी तय हो चुकी थी। 12 मई को उसकी शादी होनी थी। बारात चित्रकूट जिले के मकरी गांव जाना थी। शादी से पहले ही उसने गोली मार कर खुदकुशी कर ली है। घटना का लेकर पिता ने अनभिज्ञता जताई है। थानाध्यक्ष तिंदवारी संदीप पटेल का कहना है युवक ने नशे में खुद को गोली मारी है। कहा कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इधर मौत के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# गोवध का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली सफलता। गुरूवार को ग्राम चर्दा से ग्राम खैरहनिया जाने वाली रोड पर पिकअप वाहन पर बोरे में जानवर के कुछ मांस होने की मुखबिरी सूचना पर मौके पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा पहुँच कर जाँच की गयी, पिकअप में बोरे में जानवर के कुछ मांस पाये गये जिसके आधार पर पिकअप व जानवर के मांस को कब्जा पुलिस में लेकर मु0अ0सं0 365/2026 धारा 11(1) डी पशु क्रुरता अधि0 1960 बनाम कादिर पुत्र जलील अहमद उम्र करीब 26 वर्ष निवासी सीतापुरवा दा0 सहजना थाना रूपईडीहा पंजी.त करते हुए विवेचना प्रारम्भ की गयी। विवेचना के क्रम में बरामदशुदा पशु मांस को नियमानुसार रासायनिक परीक्षण हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला मथुरा भेजा गया। परिक्षणोपरान्त विधि विज्ञान प्रयोगशाला से प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/5/5()/8(1) गोवध निवारण अधिनियम की बढ़ोतरी किया गया। मुखबिरी सूचना के आधार पर पुलिस टीम उ0नि0 जितेश सिंह मय हमराही आरक्षी रविन्द्र यादव द्वारा कस्बा रुपईडीहा में रेलवे स्टेशन रूपईडीहा के पास सडक किनारे से समय लगभग 11.55 बजे मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्त कादिर उपरोक्त को गिरतार किया गया। गिरतारी के समय सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के आदेशों, निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत न्यायालय रवाना किया गया।




# भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल में टीबी जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। 100 दिवसीय टीवी मुक्त भारत अभियान के अर्न्तगत आज भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल में टीबी जागुरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को टीबी के लक्षण जैसे 2 हते से खासी आना, मुंह से खून आना, बुखार आना, थकान होना, सीने में दर्द होना, सांस लेने में तकलीप होना, रात में पसीना आना, गर्दन में गिल्टी/गांठ, बांझपन, आदि लक्षण के बारें में बताया गया कि उच्च जोखिम वाली जनसख्या जैसे कि 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति, एचआईवी से ग्रसित, लम्बी बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को टीबी होने की सम्भावना अधिक रहती है ऐसे व्यक्तियों को सतर्क रहना है एवं समय से बलगम तथा एक्सरे की जांच कराना है। टीबी का इलाज छः माह तक दिया जाता है एवं दवायें सम्बन्धित टीबी मरीज के निवास स्थान के पास डाट्स सेन्टर में उपलब्ध करायी जाती है। इसम संदिग्ध टीबी मरीजो के बलगम की जांच नॉट मशीन द्वारा जनपद के चिकित्सा इकाई जिला क्षय रोग उन्मूलन केन्द्र बांदा, सीएचसी बबेरू, जसपुरा, अतर्रा, नरैनी, बहेरी, पीएचसी तिन्दवारी, कगारनि, विराण्डा, कालिन्जर, में निशुल्क की जाती है एव टीवी मरीज को निःक्षय पोषण योजना के अर्न्तगत रू0 1000 प्रति माह इलाज समाप्ति तक डीबीटी के माध्यम से मरीज के खाते में भेजे जाते है। टीबी का इलाज जनपद के समस्त सामुदायिक स्वा० केन्द्र ६ प्राथमिक स्वा० केन्द्र बांदा में निशुल्क दिया जाता है। शिविर में छात्र छात्राओं एवं शिक्षको की उपस्थिति रही। 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अर्न्तगत आज दिनांक 23.04.2028 को निक्षय शिविर का आयोजन ग्राम बरगहनी, गढ़ा, गौरीकला एवं खैराडा में किया जा रहा है। जिसमें हैण्ड हेल्ड एक्सरे मशीन द्वारा उपस्थित जन समूह का एक्सरे तथा ब्लडप्रेसर, शुगर, बीएमआई एवं हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई। जगुरूकता शिविर मे जिला क्षय रोग उन्मूलन केन्द्र बांदा से श्री गनेश प्रसाद (डीपीपीएमसी एन.टी.ई.पी.), इन्द्र कुमार साहू एसटीएलएस एवं इण्टर कालेज से प्रधानाचार्य ६ शिक्षक गण आदि उपस्थित रहें।

# नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

## – विभिन्न वादों का होगा निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो/गाजीपुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मई को जनपद न्यायालय, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद तथा ग्राम न्यायालय जखनियां व जमानियां के साथ–साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा। शक्ति सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0–01/नोडल अधिकारी लोक अदालत की अध्यक्षता में गुरूवार को जनपद न्यायालय के दसकक्षीय सभागार में प्रेस प्रतिनिधियो के साथ प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जनपद मे राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार पर चर्चा की गयी। नीरज गोंड सचिव पूर्णकालिक द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की भांति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा–138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वादध्पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट–माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। बैठक में दिनांक 09 मई, 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौता के आधार अधिक से अधिक वादों निस्तारण के लिए विशेष रूप चर्चा की गई। बैठक मे आमिर अंसारी सूचना विभाग सहित जनपद के सम्मानित पत्रकार बन्धु उपस्थित थे।

# पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराएं होमगार्ड परीक्षा : डीएम

## - डीएम व एसपी की मौजूदगी में हुई होमगार्ड्स परीक्षा तैयारी की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा की उपस्थित में पुलिस लाइन सभागार में उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 की लिखित परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित की गई तथा परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। लिखित परीक्षा 25 अप्रैल, 26 अप्रैल एवं 27 अप्रैल को प्रत्येक दिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक संपन्न होगी। जनपद में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर धूप से बचाव हेतु पंडाल व पेयजल की सहित समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परीक्षा के प्रति पाली में 4512 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जिससे परीक्षा की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों, सहायक केंद्र व्यवस्थापकों एवं परीक्षा सहायकों की भी नियुक्ति कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। बैठक के दौरान गोपनीय सामग्री के परिवहन आदि के संबंध में सावधानियां, बायोमेट्रिक विधि, विभिन्न प्रपत्र इत्यादि के संबंध में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें तथा परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि कक्ष निरीक्षक अभ्यर्थियों से यह सुनिश्चित कर लेंगे कि दी गई ओएमआर तथा प्रश्नपत्र का क्रमांक एक ही हो। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक मे अपर जिलाधिकारी वि0रा0 दिनेश कुमार, एसपी सिटी राकेश मिश्रा, समस्त सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का शत-प्रतिशत रहा परिणाम

## – टश्वप 10 सूची में तीन छात्रों का चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शास्त्री नगर की परिषदीय परीक्षा का परिणाम संतोषजनक एवं उत्तम रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता एवं विद्यालय के परीक्षा प्रभारी नारायण तिवारी ने परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि विद्यालय का परिणाम शतप्रतिशत रहा जिसमें हाईस्कूल के सभी छात्र–छात्राएं एवं इंटरमीडिएट के सभी छात्र–छात्राएं उचित नंबरों के साथ अपनी अपनी कक्षाओं में पास हुए इसके अतिरिक्त जनपद की टॉप 10 की सूची में इंटरमीडिएट परीक्षा में दो छात्रों ने तथा हाई स्कूल परीक्षा के एक छात्रा ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस प्रकार विद्यालय के सभी भैया बहनों ने अपना गौरवशाली परिणाम जारी रखा विद्यालय के प्रबंधक अशोक सिंह परिहार ने सभी छात्र–छात्राओं को बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिले में सभी स्थानधारी छात्रों का माल्यार्पण करते हुए मिष्ठान खिलाया इस परिणाम को विद्यालय के सभी आचार्य एवं प्रवक्ताओं ने उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं एवं स्थानधारी छात्र–छात्राओं को उचित शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इंटरमीडिएट की प्रतिभा अग्निहोत्री ने सातवां स्थान 89.20 प्रतिशत अंक, यशोवर्धन तिवारी नवां स्थान, हाईस्कूल की अर्पित गुप्ता छठवा स्थान 94.33 प्रतिशत, शिवांश यादव 92.8 प्रतिशत व .ष्ण सेन ने 87 प्रतिशत अंक हासिल किए।

# मिट्टी की उर्वरता व किसानों की आय बढ़ाने को लेकर योगी सरकार तत्पर

## - फसल अवशेष न जलाने की प्रदेश सरकार की विशेष अपील
## - पराली जलाना अब पड़ेगा भारी, उल्लंघन करने वालों पर लगेगा जुर्माना
## - पर्यावरण की रक्षा और किसान की उन्नति ही सरकार की प्राथमिकता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदूषण मुक्त उत्तर प्रदेश और समृद्ध किसान के विजन को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आर्थिक उन्नति को प्राथमिकता देते हुए उप .षि निदेशक ने जनपद के किसानों के लिए विशेष दिशा–निर्देश जारी किए हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि पराली जलाना न केवल दंडनीय अपराध है बल्कि यह धरती की सेहत के लिए भी नुकसानदेह है। उल्लंघन करने वालों पर हो सकती है कार्रवाई व जुर्माना प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पराली जलाना राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के नियमों का सीधा उल्लंघन है। सरकार के अनुसार अब पराली जलाने पर भारी जुर्माना वसूला जाएगा जिसमें 2 एकड़ से कम भूमि पर 5000 रुपये, 2 से 5 एकड़ की भूमि पर 10000 रुपये व 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 30000 रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं जिला प्रशासन ने सभी किसान भाइयों से पुरजोर अपील की है कि वे स्वयं पराली न जलाएं और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें। यदि कोई भी व्यक्ति इन नियमों की अनदेखी करता पाया गया तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। योगी सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है कि पर्यावरण की रक्षा के साथ–साथ किसान की उन्नति भी हो। खेतों में पराली मिलाने से बढ़ेगी सोने जैसी चमक के उप .षि निदेशक डॉ अजय कुमार ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेषों और घास–फूस को जलाने के बजाय खेत की हार्वेस्टर से गहरी जुताई कर उन्हें मिट्टी में ही मिला दें। ऐसा करने से मिट्टी में कार्बनिक तत्वों और जो किसानों के मित्र कीट होते हैं व लाभकारी .षि मित्र सूक्ष्म जीवों की संख्या बढ़ती है। जिससे जमीन की उर्वरता प्राकृतिक रूप से बेहतर होती है। इन्होंने कहा कि इससे न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि खाद–उर्वरकों पर होने वाले खर्च में भी कमी आएगी। जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।




# डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों व कंट्रोल रूम का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में होने वाली आगामी होमगार्ड एनरोलमेंट– 2025 की लिखित परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु विभिन्न परीक्षा केन्द्रों व स्थापित कंट्रोल रुम का निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं को चेक किया गया। जनपद में होने वाली आगामी होमगार्ड एनरोलमेंट–2025 की लिखित परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु की जा रही कार्यवाही व तैयारियों के क्रम आज जिलाधिकारी अमित आसेरी व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों व स्थापित कंट्रोल रुम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्थाओं व केन्द्रो पर मूलभूत सुविधाएं पेयजल, शौचालय, प्रकाश आदि की व्यवस्था एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सीसीटीवी कैमरों की सुचारु व्यवस्था एवं सक्रियता के साथ–साथ कंट्रोल रुम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं कमियों को अतिशीघ्र ससमय पूरा करने के निर्देश दिए गए।



# राजकीय इंटर कश्लेज में हुआ जनपद स्तरीय योग ओलिंपियाड का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। राजकीय इण्टर कॉलेज में जनपद स्तरीय योग ओलिंपियाड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घघाटन राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने किया। इस प्रतियोगिता में जनपद के नौ ब्लॉकों की टीमों ने बालक वर्ग और बालिका वर्ग में प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में शिवांशु दीक्षित, सेवाश्रम इण्टर कॉलेज, काजीकमालपुर ने प्रथम स्थान



प्राप्त किया। बालिका वर्ग में सोनाली ने प्रथम और रेशमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ही बालिकाएं उजागर लाल इण्टर कॉलेज की छात्राएं हैं। जनपद स्तर पर विजयी खिलाड़ी मंडलीय योग प्रतियोगिता जिसका आयोजन राजकीय इण्टर कॉलेज, निशातगंज, जनपद लखनऊ में किया जाएगा में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता का संचालन जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नन्दन पाण्डेय ने किया। निर्णायकों के रूप में पवन कुमार, विवेक कुमार शुक्ल, डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी, प्रभात नंदन मिश्र, लक्ष्मी और रौनक आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजकीय इण्टर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह, फूलचंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

# डीजल व पेट्रोल आपूर्ति से संबंधित समस्या का शीघ्र होगा समाधान : डीएम

## - आवश्यकतानुसार ही खरीदें पेट्रोलियम पदार्थ, अनावश्यक जमाखोरी से बचें
## - अफवाहों पर ध्यान न दें, डीजल पेट्रोल की कमी नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ ऑयल कम्पनियों के विक्रय अधिकारीगण, डीजल एवं पेट्रोल पम्प के प्रबन्धकध्प्रोपराईटर के साथ आयोजित बैठक में जनपद में संचालित पम्पों पर डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता एवं सुव्यवस्थित ढंग से वितरण सुनिश्चित किये जाने पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक के दौरान विधायक श्री त्रिपाठी द्वारा सुझाव दिया गया कि जनपद में स्थापित समस्त डीजलध पेट्रोल पम्पों पर एक साथ तेल उपलब्ध कराया जाये ताकि उपभोक्ता एक पम्प से दूसरे पम्प पर न जायें अथवा तेल की मांग में तेजी न आये। इस सम्बन्ध में ऑयल कम्पनी के विक्रय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि तेल के ट्रांसपोर्ट हेतु वाहनों की कमी रहती है जिस कारण समस्त पम्पों पर एक साथ तेल उपलब्ध कराये जाने में कठिनाई होगी। विधायक श्री त्रिपाठी ने ऑयल कम्पनियों को सुझाव दिया कि ट्रांसपोर्ट वाहनों को बढ़ाया जाय ताकि एक समय में अधिक से अधिक पम्पों पर तेल की उपलब्धता सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा निर्देशित किया गया कि डीजलध्पेट्रोल पम्पों का एक क्लस्टर बनाया जाये एवं उसी के अनुसार समस्त पम्पों पर एक साथ डीजल एवं पेट्रोल का वितरण कराया जाये। डीजल एवं पेट्रोल पम्पों के प्रबन्धकोंध्प्रोपराईटरों द्वारा यह मांग की गयी कि छुट्टी के दिनों में भी डिपो खोला जाये एवं जनपद को तेल की आपूर्ति की जाये ताकि छुट्टी के अगले दिन पम्प पर तेल की कमी न हो। पम्पों द्वारा उपभोक्ताओं को तेल की आपूर्ति हेतु निर्धारित किये गये समय का कड़ाई से अनुपालन कराया जाये। पम्पधारकों द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि पम्प के खुलने व बन्द होने के समय उपभोक्ताओं की काफी भीड़ रहती है, जिसके .ष्टिगत समय से पुलिस बल की उपलब्धता करायी जाये ताकि सेल्समैन सुरक्षित रूप से डीजलध्पेट्रोल का वितरण कर सकें। डीएम श्री त्रिपाठी ने बैठक के माध्यम से जनपदवासियों से अपील की कि पेट्रोलियम पदार्थों के उदाम बढ़ने सम्बन्धी अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने नागरिकों को सुझाव दिया है कि पेट्रोलियम पदार्थों का भण्डारण कदापि न करें। क्योंकि ऐसा करने से आपके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही मामलों में 10 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। डीएम ने कहा कि आमदिनों से अधिक मात्रा में जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्राप्त हो रही है। डीएम ने लोगों से कहा कि अपनी आवश्यकतानुसार ही खरीद करें डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति से सम्बन्धित समस्या शीघ्र ही समाप्त हो जायेगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि तेल की कालाबाजारी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसे लोगों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3६7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजी.त करने के साथ–साथ अवैध कालाबाजारी हेतु राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रा.सु.का.) के तहत कार्यवाही भी की जा सकती है।



# ऊसर भूमि सुधार को लेकर डीएम ने ली बैठक

## – मैपिंग, जीपीएस टैगिंग व गुणवत्ता पर विशेष जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजकीय .षि विकास योजना के अंतर्गत राजकीय कृषि शोध प्रक्षेत्र जौनई में ऊसर भूमि सुधार के लिए जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई।




बैठक में निर्देश दिए गए कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व भूमि की समुचित मैपिंग कराई जाए तथा सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आवश्यकतानुसार नालियों का निर्माण कराया जाए। कार्य की प्रत्येक अवस्था पूर्व, दौरान और पश्चात.की फोटोग्राफी जीपीएस टैगिंग के साथ अनिवार्य रूप से कराने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। निर्देशित किया गया कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और स्थायी हों, खेतों का समुचित विकास किया जाए तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। साथ ही गोशाला संचालन और गोबर गैस प्लांट स्थापित करने की संभावनाओं पर भी कार्य करने को कहा गया, ताकि सतत विकास को बढ़ावा मिल सके। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि कार्य ऐसा हो, जो अन्य मंडलों के लिए मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। आवंटित धनराशि का समयबद्ध और पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने तथा कार्यों को कागजों तक सीमित न रखकर धरातल पर लागू करने के निर्देश दिए गए। तकनीकी विशेषज्ञों की सलाह लेकर कार्य कराने, श्रमिकों की संख्या, उनके भुगतान और कार्य पूर्ण होने की समय–सीमा का स्पष्ट निर्धारण एवं अभिलेखीकरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उप .षि निदेशक आर.एन. सिंह, जिला .षि अधिकारी ओंकार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऋषि कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के मेधावियों ने पास किया ओ लेवल

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। ओ लेवल जनवरी 2026 के परीक्षा परिणाम निलिट द्वारा घोषित किया गया है जिसमें ऋषि कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के मेधावियों ने ओ लेवल पास कर लिया है। डलमऊ में ज्ञान की बात




की जाए तो खासकर डलमऊ कस्बे में ऋषि कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के द्वारा अनेक बार संस्था के बच्चों के द्वारा उत्.ष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया है। जहां इस बार ऋषि कंप्यूटर इंस्टीट्यूट ने ओ लेवल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्.त के साथ संस्था के डायरेक्टर ऋषि कुमार प्रजापति द्वारा मिडलेवा माला पहनकर सम्मानित किया गया है जिसमें ओ लेवल में ए एवं बी ग्रेड से पास होने वाले छात्र –छात्राएं अभिनव यादव, आस्था तिवारी, अविका चौधरी, नंदिनी गुप्ता, शगुन पाल, तनु यादव, रश्मि, अल्पिता तिवारी, विवेक यादव, सरवन, आयुष, उत्कर्ष, प्रिंस मौर्य, आर्यन यादव, अरिन यादव, अमित, कुमार, शांति, कोमल, चांदनी, प्रिया चौधरी, साक्षी यादव, आदर्श, जितेंद्र कुमार ,कोमल, प्रिया, नीलेश, अजय, राहुल, प्रिया, चांदनी और बहुत सारे बच्चों को माला पहनकर सम्मानित किया गया है। वही इस मौके पर डायरेक्टर ऋषि कुमार प्रजापति ने कहा कि संस्था के बच्चों के द्वारा जिस तरीके का प्रदर्शन लगातार किया जा रहा है उसमें संस्था का नाम तो रोशन ही होता है साथ ही हमारा मनोबल भी बढ़ता है। आज यही मेधावी छात्राएं सरकारी नौकरी समीक्षा अधिकारी सहायक लेखपाल कंप्यूटर ऑपरेटर टेक्नीशियन आज सरकारी पदों के लिए योग्य हो गए हैं। संस्था के डायरेक्टर ऋषि कुमार प्रजापति ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 30 अप्रैल तक सभी किसानों का पंजीकरण अनिवार्य, 15 मई से किसान पहचान संख्या होगी आवश्यक

संवाददाता लखनऊ। प्रदेश में जायद 2026 सीजन की तैयारियों के तहत सरकार ने किसानों के पंजीकरण अभियान को तेज कर दिया है। निर्देश दिए गए हैं कि 30 अप्रैल 2026 तक शत–प्रतिशत किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विशेष रूप से उन गांवों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जहां अब तक पंजीकरण का स्तर कम है। अभियान के अंतर्गत सभी भूमिधर किसानों को शामिल किया जाएगा, चाहे वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी हों या नहीं।किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलों को व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं कराने, स्थानीय समाचार पत्रों में सूचनाएं प्रकाशित कराने तथा ग्राम प्रधानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि प्रत्येक किसान तक समय पर जानकारी पहुंच सके और पंजीकरण कार्य में तेजी लाई जा सके। सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई 2026 से किसान पहचान संख्या अनिवार्य कर दी जाएगी। इसके बिना किसानों को सरकारी कृषि योजनाओं, उर्वरकों तथा बीज से संबंधित सुविधाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। ऐसे में किसानों को समय रहते अपना पंजीकरण पूर्ण कराने की सलाह दी गई है, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।इसी क्रम में जायद 2026 के लिए फसल सर्वेक्षण भी निर्धारित समयसीमा के भीतर संचालित किया जाएगा। इसके लिए 28 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय टीमों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि 1 मई से 31 मई 2026 तक पूरे प्रदेश में फसल सर्वे अभियान चलाया जाएगा। इस सर्वेक्षण के माध्यम से फसलों का सटीक आंकलन किया जाएगा, जिससे कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा किसानों को समय पर लाभ पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 833 वाहनों के चालान

## – अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर शिकंजा, 60 वाहन सीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून–व्यवस्था सु.ढ़ बनाए रखने और अवैध खनन, ओवरलोडिंग व बिना वैध प्रपत्र/परमिट के संचालन करने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना नम्बर प्लेट और कालिख लगी नम्बर प्लेट वाले वाहनों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के तहत कुल 833 वाहनों का चालान किया गया, जबकि 60 डंपर/ट्रक व अन्य वाहनों को सीज किया गया। साथ ही कुल 60,00,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। यह कार्रवाई कानपुर जोन व कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चन्द्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक



(नगर) अभयनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। थाना कोतवाली क्षेत्र में 448 वाहनों का चालान कर 3 वाहन सीज किए गए और 5.08 लाख रुपये शमन शुल्क वसूला गया। बढ़पुरा थाना पुलिस ने 47 वाहनों का चालान करते हुए 2 डंपर सीज किए और 2.16 लाख रुपये वसूले। जसवन्तनगर क्षेत्र में 154 वाहनों का चालान और 14 वाहन सीज किए गए, जबकि बलरई में 64 वाहनों का चालान कर 2 वाहन सीज किए गए। पछायगांव में 12 वाहनों का चालान और 2 डंपर सीज, बसरेहर में 11 वाहनों का चालान तथा बैदपुरा में 10 ट्रकध् डंपर का चालान और 1 वाहन सीज किया गया। बकेवर थाना क्षेत्र में सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 35 डंपर/ट्रक सीज किए गए और 45 लाख रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। इसके अलावा चकरनगर में 55 वाहनों का चालान, सहसों में 17, भरेह में 8 और बिठौली में 7 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि बिना वैध प्रपत्र/परमिट के वाहन संचालन न करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# डीएम व एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## – होमगार्ड परीक्षा को लेकर सुरक्षा व व्यवस्थाओं का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी होमगार्ड परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों (कॉलेजों एवं विद्यालयों) का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था, कक्षों की बैठने की क्षमता, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, नकल अथवा अव्यवस्था को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर तैयारियां



समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर ली जाएं और अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रशासन और पुलिस ने आश्वस्त किया है कि होमगार्ड परीक्षा–2026 को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जाएगा।

# ब्रह्मकुमारी संस्थान ने लगाया नि:शुल्क नेत्र शिविर

## – संयुक्तप्रेस क्लब के सहयोग से हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की




सिविल लाइन शाखा एवं संयुक्त प्रेस क्लब के सहयोग से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सामने स्थित अदिति आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 57 लोगों ने अपने नेत्रों की जांच कराई। शिविर में शंकर आई हॉस्पिटल, कानपुर की पूर्व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपा गौर और उनकी टीम ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी नीलम बहन, अमरीश अग्रवाल, डॉ. सुरेश चंद्र गुप्ता, अनिल कुमार गौर एडवोकेट, बीके प्रीती एवं बीके पंकज उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नीलम बहन ने कहा कि नेत्र परमात्मा का अनमोल उपहार हैं, इसलिए उनकी देखभाल करना आवश्यक है और हमें हमेशा दूसरों की अच्छाइयों को देखना चाहिए। डॉ. दीपा गौर ने नेत्रों की सुरक्षा और देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उचित उपचार के बारे में बताया। इस अवसर पर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा की ओर से गणेश ज्ञानार्थी, खादिम अब्बास, राजेन्द्र भसीन, सुधीर मिश्र, अन्नू चौरसिया, मसूद तैमूरी, रघुवीर यादव, नितेश प्रताप सिंह, मुजफर अली लड्डन, शावेज नकवी और शाकिर अली (भरथना) सहित कई लोग उपस्थित रहे और शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# नवागंतुक डीएम का भाजपाईयों ने किया स्वागत

## – ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई किए जाने की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में नवागंतुक जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी मंडल असोथर के अध्यक्ष राम महेश निषाद के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत कर हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राम महेश निषाद ने जिलाधिकारी को क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए ओवरलोड बालू व अन्य भारी वाहनों के अनियंत्रित संचालन पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने बताया कि ओवरलोड वाहनों के कारण सड़कों की स्थिति खराब हो रही है तथा आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मांग की कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए, ताकि क्षेत्र में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था स्थापित हो सके।



इस मौके पर मंडल महामंत्री साहिल शर्मा, मंडल मंत्री घनश्याम साहू, मंडल उपाध्यक्ष विनोद भारती, सनी मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रभान पासवान सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से जनहित में त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

# विभिन्न स्थानों पर पुलिस की कार्रवाई, कई डम्पर-ट्रक सीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून–व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अवैध खनन, ओवरलोडिंग तथा बिना वैध प्रपत्र, परमिट के संचालन करने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस ने बीते 24 घंटे में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना नम्बर प्लेट एवं कालिख लगी नम्बर प्लेट वाले वाहनों पर भी सख्ती से कार्रवाई की गई। अभियान के तहत कुल 60 ट्रक/डम्पर का चालान किया गया, जबकि 44 डम्पर/ट्रक सीज किए गए। साथ ही 5207500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। यह कार्रवाई कानपुर जोन व कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चन्द्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभयनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। बकेवर थाना क्षेत्र में सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 35 डम्परध्ट्रक सीज किए गए और 45 लाख रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। जसवन्तनगर क्षेत्र में 8 वाहनों का चालान और 4 वाहन सीज कर 2 लाख रुपये वसूले गए। बलरई में 13 डम्पर ट्रक का चालान और 1 डम्पर सीज कर 2.25 लाख रुपये शमन शुल्क वसूला गया। पछायगांव में 12 डम्पर ट्रक का चालान और 2 वाहन सीज कर 87,500 रुपये वसूले गए। बसरेहर क्षेत्र में 15 डम्परध्ट्रक का चालान कर 1 लाख रुपये तथा बैदपुरा में 10 वाहनों का चालान और 1 डम्पर सीज कर 61 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया। चकरनगर क्षेत्र में 2 वाहनों का चालान और 1 वाहन सीज कर 34 हजार रुपये वसूले गए। इटावा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि बिना वैध प्रपत्रध्परमिट के वाहन संचालन न करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष आज जनपद दौरे पर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह 24 अप्रैल को जनपद दौरे पर रहेंगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 9.30 बजे कानपुर नगर से विभागीय वाहन द्वारा इटावा के लिए प्रस्थान करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत दोपहर 11.30 बजे सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस पहुंचेंगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे नारी शक्ति वंदन (महिला आरक्षण बिल) के समर्थन में आयोजित जन आक्रोश पदयात्रा एवं बैठक में भाग लेंगी। दौरे के उपरांत शाम 4 बजे वह जिले से वापस कानपुर नगर के लिए प्रस्थान करेंगी। कार्यक्रम को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें आवास एवं सुरक्षा व्यवस्था प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# होमगार्ड परीक्षा से पहले ट्रेजरी का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

## – निष्पक्ष व पारदर्शी परीक्षा के लिए पुलिस अलर्ट

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी होमगार्ड परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने ट्रेजरी कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान 25, 26 व 27 अप्रैल को आयोजित होने



वाली परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्रों एवं अन्य गोपनीय सामग्री की जांच की गई। साथ ही ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता, गोपनीयता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे। पुलिस द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

# इतिहास विभाग के प्रो. एस. विक्टर बाबू 45वें वार्षिक अधिवेशन के महाध्यक्ष नामित

संवाददात ालखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में प्रोफेसर एवं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्य अधिष्ठाता पद पर कार्यरत प्रो. एस. विक्टर बाबू को साउथ इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस की कार्यकारी समिति द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले 45वें वार्षिक अधिवेशन का महाध्यक्ष नामित किया गया है। प्रो. विक्टर बाबू का यह नामांकन उनके लंबे समय से चले आ रहे शोध कार्य, विद्वता और शैक्षणिक नेतृत्व का सम्मान है, जो इतिहास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान और विशिष्ट पहचान को दर्शाता है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने प्रो. एस. विक्टर बाबू को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनकी इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया।यह अधिवेशन जुलाई 2026 में तेलंगाना राज्य के नलगोंडा स्थित महात्मा गांधी विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश–विदेश के विद्वानों की सहभागिता अपेक्षित है। प्रो. विक्टर बाबू के मार्गदर्शन में आयोजित यह अधिवेशन इतिहास के क्षेत्र में नई दिशा और दृष्टिकोण प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि साउथ इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस की स्थापना वर्ष 1979 में हुई थी। यह संगठन दक्षिण भारत के इतिहास, संस्कृति और समाज से जुड़े शोध एवं विमर्श को बढ़ावा देने वाला एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक मंच है। यह संस्था देशभर के इतिहासकारों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों को एक मंच प्रदान करती है, जहां वे अपने शोध कार्य प्रस्तुत करते हैं और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक विषयों पर विचार–विमर्श करते हैं।इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भी प्रो. एस. विक्टर बाबू को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# सड़क हादसे में दो युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो/असोथर, फतेहपुर। थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर को दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार शिवकुमार (30)



पुत्र मुन्ना लाल निवासी आबूनगर, थाना कोतवाली का हादसे में पैर टूट गया, जबकि राहुल कश्यप (28) पुत्र केदार निवासी कहारन डेरा मजरे सरकंडी थाना असोथर के सिर में गंभीर चोट आई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक मोटरसाइकिल से फतेहपुर से अपने गांव सरकंडी लौट रहे थे। इसी दौरान प्रेममऊ कटरा स्थित हनुमान मंदिर के पास सामने से आ रही बोलेरो से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असोथर पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। थाना प्रभारी धीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि बोलेरो और मोटरसाइकिल की आमने–सामने टक्कर से हादसा हुआ है। बोलेरो वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

# ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कार्यालय पहुंची डीएम

## - आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कलेक्ट्रेट स्थित ईडीएम (ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ईडीएम को निर्देशित किया कि आईजीआरएस की शिकायतों की निगरानी विभागवार करें। जिन विभागों की शिकायतें



ज्यादा प्राप्त हो रही हैं। उनको चिन्हित कर समय से समन्वय स्थापित कर निस्तारित कराएं। ये सुनिश्चित करें कि अगर किसी भी विभाग द्वारा हस्तलिखित निस्तारण आता है तो उनको सूचित करते हुए दोबारा रिपोर्ट मंगाए। ये भी देख लें कि सभी विभागों से प्राप्त रिपोर्ट में संबंधित का नाम अंकित हो। यदि कोई रिपोर्ट किसी विभाग से संबंधित न हो तो ससमय उसको संबंधित विभाग को स्थानांतरित कर दें। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनोज गुप्ता सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अनुराग मौर्या (।छन्त।ळ ड।न्त्ल। ) का जन्म दिनांक 21.07.2012 को घर पर हुआ था। माता का नाम श्रीमती ऊषा देवी है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। दिनेश कुमार मौर्या पुत्र बलदेव निवासी ग्राम घरवासीपुर पोस्ट अन्दीपुर ब्लाक हसवा तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरी बहू माया देवी पत्नी अखिलेश कुमार निवासिनी ग्राम जनता विकास खण्ड मलवॉ, तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर का निधन आकस्मिक बीमारी के कारण दिनांक 25.03.2020 को उसके मयके ग्राम बरौहा पोस्ट चकसकरन ब्लाक बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर में हो गया था। मेरी बहू माया देवी का दाह संस्कार ग्राम बरौहा में ही किया गया। अब मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। मृत्य प्रमाण पत्र अज्ञानतावश नही बनवा पाया था। अतः न्यायहित मृत्य प्रमाण पत्र जारी करने की कृपा करे। अभी तक किसी भी सरकारी अथवा गैरसरकारी संस्था से मृत्य प्रमाण पत्र नही बना है। किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी होगी। रामसरन पुत्र भगवानदीन निवासी ग्राम जनता विकास खण्ड मलवॉ, तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।




# पेट्रोल पंप एनओसी पर डीएम सख्त, लंबित मामलों के जल्द निस्तारण के निर्देश

## - ऊर्जा परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में



कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पंप एनओसी एवं सीएचडी नेटवर्क से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि सरकारी भूमि का वाणिज्यिक उपयोग के लिए आवंटन संभव नहीं है और कंपनियों को अपने प्रोजेक्ट हेतु भूमि स्वयं क्रय या किराए पर लेनी होगी। टोरेंट एनर्जी कंपनी को निर्देश दिए गए कि वह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भूमि की व्यवस्था कर परियोजनाएं स्थापित करे। ऊर्जा से जुड़े सभी प्रोजेक्ट्स को भारत सरकार के निर्देशानुसार तीव्र गति से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। पेट्रोल पंप स्थापना के मामलों में कहा गया कि शासन स्तर से एनओसी जारी करने के निर्देश हैं, लेकिन आवेदकों द्वारा समय से एफिडेविट प्रस्तुत न करने के कारण प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। तेल कंपनियों को निर्देशित किया गया कि वे आवेदकों से आवश्यक शपथ पत्र प्राप्त कर प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाएं। साथ ही तकनीकी रूप से असंगत प्रस्तावों को स्पष्ट रूप से निरस्त करने के निर्देश दिए गए, ताकि अनावश्यक लंबितता समाप्त हो सके। सभी संबंधित विभागों और ऑयल कंपनियों को जनपद के लंबित आवेदनों का फास्ट–ट्रैक मोड में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, एआरटीओ प्रदीप देशमणि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हनुमान मंदिर के पास सूने मकान में चोरी की कोशिश

## - कुछ न मिला तो लौटे खाली हाथ, गशत पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

असोथर, फतेहपुर। थाना असोथर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। ताजा मामला प्रेममऊ कटरा गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास का है, जहां बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और घर के अंदर घुसकर जमकर तलाशी ली। हालांकि काफी देर तक खंगालने के बावजूद चोरों के हाथ कुछ नहीं लगा और वे खाली हाथ ही फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, कस्बा असोथर निवासी मनोज सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह का नवनिर्मित मकान प्रेममऊ कटरा गांव में स्थित है, जो घटना के समय सूना पड़ा था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसपैठ की और कमरे–दर–कमरे सामान उलट–पुलट कर देखा। सुबह जब आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखने को मिला। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातें पुलिस गश्त की हकीकत बयां कर रही हैं। उनका कहना है कि रात में पुलिस की सक्रियता बेहद



कमजोर है, जिससे चोर बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र में बड़ी वारदात हो सकती है। वहीं, थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि सूने मकान में गेट व अन्य दरवाजों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घुसे थे, लेकिन मकान स्वामी के अनुसार किसी भी प्रकार का सामान, जेवरात या नकदी चोरी नहीं हुई है। इसके बावजूद मामले की जांच की जा रही है और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी गई है। घटना के बाद एक बार फिर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। अब देखना यह है कि पुलिस इस चुनौती से कैसे निपटती है और लोगों का भरोसा कितनी जल्दी बहाल कर पाती है।

# भाकियू की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

## - यूसुफ तबरेज बने जिला उपाध्यक्ष, साथियों ने किया स्वागत



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में जहां विभिन्न मुद्दों व समस्याओं पर चर्चा की गई वहीं संगठन मजबूती के उद्देश्य से यूसुफ तबरेज को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथियों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह ने शिरकत की। बैठक में कई मुद्दों व समस्याओं पर चर्चा करने के उपरान्त संगठन मजबूती को लेकर विचार–विमर्श किया गया। यूसुफ तबरेज को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी ने माला पहनाकर स्वागत किया। श्री तबरेज ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर वह खरा उतरने का काम करेंगे। संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। साथ ही ज्यादा से ज्यादा किसानों को संगठन से जोड़कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक उत्तम, युवा जिलाध्यक्ष विवेक सिंह, युवा जिला मीडिया प्रभारी पंकज साहू, युवा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, दीपक मौर्य, संजीत सिंह, शुभम सिंह भी मौजूद रहे।

# श्रमिक हितों के लिए भाकपा ने दिया ज्ञापन

## - दलित व श्रमिकों पर हो रहे उत्पीड़न को रोके जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। श्रमिक उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व वामदलों के प्रांतीय आह्वान पर गुरुवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दस सूत्रीय मांग पत्र उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार के माध्यम से राज्यपाल को भेजा। ज्ञापन में नोएडा व हरियाणा के फरीदाबाद में श्रमिकों के ऊपर किए गए हमले व आंदोलन कर रहे श्रमिकों पर पुलिस कार्रवाई की निंदा की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि श्रमिकों के ऊपर लगाए गए मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाए। गिरफ्तार किए गए श्रमिकों को रिहा किया जाए। काम के घंटे आठ किए जाएं, श्रमिक लेबर कोर्ट बिल वापस लिया जाए और पुरानी श्रम संहिता को लागू किया जाए। 24000 रुपया न्यूनतम मजदूरी घोषित की जाए। श्रमिकों के स्वास्थ्य चिकित्सा श्रमिकों के बच्चों को निःशुल्क अच्छे विद्यालयों में शिक्षा आदि तमाम मांगों को रखा। सरकार से मांग की गई कि दलितों के ऊपर हो रहे अत्याचार व श्रमिकों का उत्पीड़न तत्काल रोका जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला मंत्री राम प्रकाश, पूरनलाल, सुमन सिंह चौहान, का0 नेम सिंह एडवोकेट, फूलचंद पाल, रामचंद्र, कामरेड मोतीलाल चौधरी, कामरेड मोतीलाल प्रजापति,




कयामुद्दीन, मूलचंद पाल, भैरव प्रसाद मुंशी, अतुल कुमार, मुन्ना कामरेड, विनोद कुमार एडवोकेट, मोतीलाल एडवोकेट सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिविर में विधि छात्रों को समझाए विधिक सिद्धांत

## - जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लॉ कालेज में लगाया शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पलाश गांगुली ने ठा0 युगराज सिंह लॉ कॉजेज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। शिविर में अमित तिवारी एवं सहायक अशोक कुमार ने प्रतिभाग किया। विधिक साक्षरता शिविर प्राचार्य विनय तिवारी की उपस्थिति में हुआ। शिविर में विधि छात्र एवं छात्राओं को विधिक जानकारी देते हुए उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित विधिक सिद्धांत समझाए गए। इसके अलावा निर्धन महिलाओं, बच्चों एवं विकलांगों के हितधारक कानूनी जानकारी प्रदान की। शिविर में करीब 80 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिविर में अध्यक्ष अमित तिवारी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा मिलने वाली योजनाओ एवं उनके टीम द्वारा आम जनमानस को दिये जाने वाली विधिक सहायता के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। जैसे कोई भी व्यक्ति जिला करागार में बन्द है और उनके वाद में पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं है तो उनके वाद में पैरवी/जमानत आदि के लिये अधिवक्ता द्वारा विधिक सहायता प्रदान किया जाता है। इसी क्रम




में ऐसे व्यक्ति जो अनुसूचित जाति–अनुसूचित जन जाति, महिलाओ, दृष्टि बाधित एवं जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है को लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम द्वारा बचाव पक्ष अभियुक्त/अभियुक्ता की ओर से निःशुल्क विधिक सहायता हेतु प्रार्थना पत्र देने पर लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा सेवा उपलब्ध करायी गयी।

# भरथना में छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल करियर सेंटर) की ओर से आर्य श्याम बालिका विद्यालय, भरथना में एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को भविष्य की संभावनाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें सही करियर चयन के लिए मार्गदर्शन देना रहा। कार्यशाला में जिला सेवायोजन अधिकारी विकास मिश्रा ने छात्राओं को विभिन्न उभरते क्षेत्रों की जानकारी देते हुए बताया कि पारंपरिक करियर विकल्पों के साथ–साथ डिजिटल मार्केटिंग, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ई–कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में भी व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने सिविल सेवा, बैंकिंग, रक्षा और शिक्षण क्षेत्रों में करियर बनाने के साथ–साथ कौशल विकास के महत्व पर भी जोर दिया। मॉडल करियर सेंटर के काउंसलर दीपक कुमार सिंह ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित नेशनल करियर सर्विस पोर्टल की जानकारी देते हुए छात्राओं को पंजीकरण प्रक्रिया और उपलब्ध निःशुल्क पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। काउंसलिंग सत्र के दौरान छात्राओं ने सिविल सेवा, नर्सिंग, फैशन डिजाइनिंग और ग्राफिक डिजाइनिंग से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विस्तार से किया गया। छात्राओं को अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक भगवान पोरवाल, प्रधानाचार्य सुलक्षणा यादव सहित अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें करियर के प्रति स्पष्ट दिशा मिलती है।

## अदालती नोटिस

समन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फी
(आर्डर 22 कायदा 4)
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर

मु0 नं0 –111 सन् 2013 ई० मजहर अली उम्र 65 वर्ष पुत्र स्व0 मोहम्मद अली मृतक 03.12.2013 1/1. जावेदा बेगम उम्र करीब 55 साल बेवा मजहर अली 1/2. इजहार अली उम्र करीब 30 साल 1/3. जफर अली उम्र करीब 25 साल 1/4. इमरान अली उम्र करीब 20 साल निवासीगण मोहल्ला मसवानी शहर परगना तहसील व जिला फतेहपुर। 1/5. श्रीमती शाहिदा परवीन उम्र करीब 28 साल पुत्री स्व0 मजहर अली पत्नी वकील अहमद निवासी मोहल्ला शादीपुर शहर व जिला फतेहपुर। 02. नूरजहॉ उम्र करीब 66 साल बेवा शौकत अली निवासी मोहल्ला मसवानी शहर व परगना व जिला फतेहपुर मृतक दिनांक 19.08.2021 नोटिस बनाम 4/1. रियाज अहमरद उम्र करीब 52 वर्ष पुत्र मश्ताक अहमद 4/2. मरियम फात्मा उम्र करीब 12 साल नाबालिग पुत्री रियाज अहमद बविलायत पिता हकीकी रियाज अहमद 4/3. इम्तेयाज अहमद उम्र करीब 8 वर्ष नाबालिग पुत्र रियाज अहमद बविलायत पिता हकीकी रियाज अहमद समस्त निवासीगण बेकनगज थाना के पीछे कानपुर जिला कानपुर नगर। हरगाह मुद्दई ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 7 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 22 माह 04 सन् 2026 ई० जारी किया गया। मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर।



# डीएम ने कार्यालय में पीड़ितों की सुनीं समस्याएं



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनपद के विभिन्न ग्रामों से आए जनसामान्य के प्रार्थना पत्रों को सुनकर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास रहेगा कि शिकायतों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर ही हो जाए जिससे जनसामान्य को सहूलियत हो और कम से कम समय में उनकी समस्याओं का समाधान हो जाए।

# डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री कैंप बुदवन का किया निरीक्षण

## – बीडीओ को मुनादी कराने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने तहसील खागा स्थित ग्राम सभा बुदवन में .षि विभाग के आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री कैम्प का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों को जल्द से जल्द फॉर्मर रजिस्ट्री कराने के लिए



कहा। डीएम ने लेखपाल को निर्देशित किया कि सभी किसानों से संपर्क स्थापित कर फॉर्मर रजिस्ट्री कराएं। उन्होंने बीडीओ से कहा कि सभी ग्रामसभाओं में मुनादी कराकर फॉर्मर रजिस्ट्री कैम्प के बारे में बताएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी खागा अभिनीत कुमार को निर्देशित किया कि अपने नेतृत्व में नियमित समीक्षा कर फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कराएं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी खागा, उप .षि निदेशक सतेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# सामान्य व मिनी किट बीज वितरण शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि खरीफ–2026 में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत .षि विभाग के पोर्टल पर पंजी.त .षकों को सामान्य बीज वितरण एवं मिनीकिट बीज वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष समस्त बीज (प्रमाणित एवं संकर) की बुकिंग .षि विभाग के पोर्टल पर 22 अप्रैल से प्रारम्भ कर दी गयी है। जिसकी कट–आफ तिथि दस मई निर्धारित की गयी हैं। जनपद के सभी पंजी.त .षकों से अपील है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार बीज की बुकिंग निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कर सकते हैं। बीज वितरण हेतु .षकों का चयन ई–लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।

# चार निरीक्षक इधर से उधर

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कानून व्यवस्था में मजबूती के उद्देश्य से जिले के चार निरीक्षकों को इधर से उधर किया है। पुलिस कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार साबर थाने के निरीक्षक प्रमोद कुमार शुक्ल को प्रभारी निरीक्षक थाना जाफरगंज, बिन्दकी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार राव को ललौली थाने का प्रभारी निरीक्षक, ललौली थाने के प्रभारी निरीक्षक समशेर बहादुर सिंह को थरियांव थाने का प्रभारी निरीक्षक व थरियांव थाने के प्रभारी निरीक्षक रहे राजेन्द्र सिंह को बिन्दकी कोतवाली का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। अचानक हुए इस स्थानांतरण को लेकर लोगों के बीच तरह–तरह की चर्चाओं का बाजार भी गर्म रहा।

# एसपी ने पासिंग आउट परेड की तैयारियों का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में प्रस्तावित दीक्षांत परेड (पासिंग आउट परेड) समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड ग्राउंड की साफ–सफाई, रंग–रोगन और मंच व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परेड के अनुशासन और भव्यता में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने पारंपरिक बड़ा खाना के आयोजन को लेकर भी पुलिस लाइन स्थित मेस और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जवानों का मनोबल ऊंचा बना रहे। निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी तैयारियां तय समय सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। एसपी ने स्पष्ट कहा कि आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# कमिश्नर व डीएम की मौजूदगी में बांके बिहारी मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

## - दोनों अधिकारियों ने की पूजा-अर्चना, भंडारे में उमड़ा सैलाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के बांके बिहारी मंदिर परिसर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का अंतिम दिन गुरुवार को अत्यंत भव्य व आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुरादाबाद के कमिश्नर अंजनी कुमार व जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की





गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार व विधि–विधान के साथ भगवान श्री बांके बिहारी जी एवं राधा रानी की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान कमिश्नर एवं जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से पौधारोपण भी किया जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मंदिर समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं प्रसाद भेंट किया गया। साथ ही प्रभु से उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर जनसेवा में सक्रिय रहने की कामना की गई। श्री बांके बिहारी सेवा समिति के मुख्य सेवादार प्रदीप गर्ग ने सभी आगंतुकों एवं गणमान्य अतिथियों को सम्मान पत्र और प्रसाद देकर सम्मानित किया। उपस्थित श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी सेवादारों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में खागा विधायक .ष्णा पासवान, विष्व हिंदू परिषद के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सिंह गौतम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन में अभिनव यादव, अमित शरण बॉबी, अभय गुप्ता, बबलू, सिद्धांत गुप्ता, बबलू सोनी, अमित सोनी, सत्य भगवान, अशोक यादव, राहुल सोनी, तरुण पुरवार, मनीषा, शालिनी, खुशी सैनी, कविता रस्तोगी, रविंद्र सिंह, रिंकू सरदार, सूर्यकांत, आशीष दीक्षित एवं अन्य सेवादारों का विशेष योगदान रहा। पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### डीएम ने मछलियों को खिलाया चारा

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बाकें बिहारी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर परिसर में ही बरगद के पौधे का वृक्षारोपण किया। इसके पश्चात उन्होंने मछलियों को चारा भी खिलाया। इस अवसर पर तहसीलदार सदर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं संबंधित उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष का हुआ स्वागत

## - अधिवक्ता हितों की रक्षा व समस्याओं के समाधान पर रहेगा ध्यान : बाबू सिंह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। स्थानीय कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चैंबर नंबर 15 में जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव के सम्मान में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अमित यादव एडवोकेट के चैंबर में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने नए अध्यक्ष का फूल–मालाओं और जोशीले नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह की कड़ी में वरिष्ठ अधिवक्ता फूल सिंह यादव की अध्यक्षता में एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन की एकजुटता और भविष्य की कार्य योजनाओं पर चर्चा हुई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के प्रति अपना विष्वास जताया। अपने संबोधन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव भावुक नजर आए। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विष्वास के साथ अधिवक्ताओं ने मुझे अपना अमूल्य मत देकर इस गरिमामयी पद पर बैठाया है, उस पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। मेरा पूरा ध्यान अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान पर होगा। वह विष्वास दिलाते हैं कि यह कार्यकाल जिला बार एसोसिएशन के इतिहास में ऐतिहासिक सिद्ध होगा। समारोह में पूर्व महामंत्री



जिला अधिवक्ता संघ प्रवीण कुमार द्विवेदी, विपिन सिंह यादव, बृजेश चन्द्र बाजपेयी, ओम प्रकाश यादव, अशोक सिंह, अंकिता पटेल, ऋषभ शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला और उबैद खान उर्फ बब्बा समेत सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर बार एसोसिएशन की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया।

# सांसद के आवास पर हुए हमले का बार ने किया विरोध

## - कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन
## - दोषी महिला भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी किए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल के कानपुर स्थित आवास पर भाजपा महिला



कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले के विरोध में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर मामले की जांच कराकर दोषी महिला भाजपा कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज करके गिरतारी सुनिश्चित किए जाने की मांग की। व्यवस्था परिवर्तन अधिवक्ता संगठन के संरक्षक वसीम अंसारी एडवोकेट व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव की संयुक्त अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और सांसद नरेश उत्तम पटेल के आवास पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा गया कि 18 अप्रैल को सांसद की अनुपस्थिति में कानपुर के दामोदर नगर स्थित उनके आवास पर भाजपा महिला कार्यकर्ताओं व नेताओं की भीड़ ने हमला बोल दिया। उस समय सांसद की पत्नी विजय लक्ष्मी उत्तम घर पर अकेली थीं। यह कृत्य पुलिस के संरक्षण में हुआ। उग्र भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने गेट पर धक्का मुक्की कर नेम प्लेट तोड़ दी और जब सांसद की पत्नी बाहर आईं तो अपमानजनक, अपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। यह सब देखते हुए भी पुलिस मूकदर्शक बनी रही। अधिवक्ताओं का कहना रहा कि यह सब भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर पुलिस के संरक्षण में किया गया है। राज्यपाल से मांग की गई कि घटना का संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज कराकर दोषी महिला भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरतारी सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर अधिवक्ताओं में कमरूद्दीन खान, आसिफ मकसूद, एहसान खान, कृष्णपाल वर्मा, श्रीराम पटेल, रंजीत सिंह मौर्य, बाबूलाल करूणाकर, अरविन्द पासवान, बौद्धप्रिय गौतम, मो0 आसिफ, सुरेश यादव, पटेल शशिकांत वर्मा, शकील सिद्दीकी, हसरत अली सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करें कार्यकर्ता : विश्वनाथ पाल

## – बसपाईयों ने प्रदेश अध्यक्ष का भारी–भरकम माला पहनाकर किया स्वागत
## – जिला स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने समीक्षा कर कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक का आयोजन गुरूवार को शहर के जीटी रोड बाईपास स्थित एक मैरिज लॉन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल शामिल हुए। उन्होंने बैठक में पार्टी संगठन की गहन समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्री पाल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना होगा। सभी कार्यकर्ता अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करें। जन–जन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाएं। उन्होने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के दिशा–निर्देशों के अनुरूप संगठन को सशक्त बनाना ही हमारी प्राथमिकता है। बैठक के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे और संगठन विस्तार पर जोर दिया। पार्टी के वरिश्ठ नेता असलम षेर खान की अगुवई में प्रदेश अध्यक्ष का भारी–भरकम माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सतीश जाटव, डॉ. एसपी सिद्धार्थ, पूर्व विधायक मुरलीधर गौतम, अभिषेक प्रताप सिंह, विक्रम माथुर, असलम शेर खान, राधेश्याम उर्फ छोटू अंबेडकर, मो. हाशिम, हाजी सगीर प्रधान, सूर्यपाल लोधी, चंदन सिंह लोधी, विनय लोधी, रामविशाल लोधी, रामसजीवन लोधी, अभिषेक शुक्ला, महेश मिश्रा, पुत्तान सोनकर, सतीश पासी, अरविन्द कुमार चौधरी, रमेश गौतम, प्रबुद्ध कुमार गौतम, रामप्रताप पाल, गुलशन गौतम, सुनील गौतम, गौतम राव, सूरजपाल गौतम, रामहित प्रियदर्शी, रोशन गौतम,



रामौतार, आरिश सिद्दीकी सहित जिले के सभी पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष, सेक्टर व बूथ स्तर के कार्यकर्ता बामसेफ व वीबीएफ के सदस्य मौजूद रहे।

# निमंत्रण से लौट रहे पिता पुत्र को दबंगो ने पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर कस्बा के मोहल्ला रामपुर में बुधवार रात निमंत्रण से वापस लौट रहे पिता पुत्र को गांव के ही कुछ लोगो ने गाली गलौज करते हुये लाठी डंडा व ईंट मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल पुत्र को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा के नऊवनपुर वार्ड नं0 2 निवासी स्व0 शिरोमन का 40 वर्षीय पुत्र रंगबाज अपने 19 वर्षीय पुत्र अभिषेक के साथ कस्बा के ही मोहल्ला रामपुर निमंत्रण पर गया था। बताते हैं कि रात लगभग दस बजे पिता पुत्र घर वापस आ रहे थे। तभी मोहल्ले के ही कल्लू के पुत्र झल्लू मिल्लू उर्फ नीलू, अक्के व बुढऊ ने देखते ही गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर चारो ने पिता पुत्र को लाठी डंडा ईंट मारकर घायल करने के बाद गाली गलौज करते हुए व जान से मारने की धमकी दे मौके से फरार हो गये। उधर पीड़ित के परिजनों ने थाने में झल्लू सहित चार लोगो के विरूद्ध नामजद तहरीर दी है। हालांकि पुलिस ने किसी भी आरोपी को हिरासत में नहीं लिया है। जिसके चलते हमलावर उन्हे धमकी दे रहे है। वहीं जिला चिकित्सालय में अभिषेक का इलाज करा रहे मामा रामू ने घटना के बाबत जानकारी देते हुए झल्लू व उसके भाईयों पर आरोप लगाया है।

# बाइक की भिड़ंत में दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के टेसारी खुर्द के समीप बाइकों की हुयी भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के महेशपुर मठेठा गांव निवासी इन्द्रपाल का 45 वर्षीय पुत्र इन्द्रदेव गांव के ही शिवशरन का 45 वर्षीय पुत्र राकेश पाल के साथ निमंत्रण पर गया था। वापस लौटते समय जैसे ही यह लोग टेसारी खुर्द के पास पहुचे तभी सामने से आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे दोनों घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

# बाइक से गिरकर महिला घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ के समीप बाइक से गिरकर 26 वर्षीय महिला घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार गोरखपुर थाना क्षेत्र के थाना गोरखनाथ निवासी विनोद अपनी पत्नी प्रीती वर्मा के साथ 3 माह से ललौली थाना क्षेत्र के अर्न्तगत राज भट्ठा में ईट पथाई का काम करते है। बताते हैं कि गुरूवार की दोपहर विनोद अपनी पत्नी को बाइक में बैठाकर किसी काम से रहा था। तभी बहुआ चौकी के समीप चलती बाइक से प्रीती गिरकर घायल हो गयी। उधर सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुयी है।

# डीआईओएस व बीएसए ने बैठक लेकर दिए निर्देश

## – शुल्क विनियमन अधिनियम का अक्षरशः पालन किए जाने की हिदायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए अक्षरशः अनुपालन करने हेतु निर्देश दिए।

प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों को बताया कि किताबें, जूता–मोजा, स्कूल ड्रेस आदि को निर्धारित स्थान से क्रय करने हेतु बाध्य न किया जाये, ट्यूशन/मासिक फीस में वृद्धि नियमानुसार की जाये, जिला शुल्क शिक्षा समिति के अनुमोदन के उपरान्त ही फीस में वृद्धि की जाये, शुल्क वृद्धि की गणना शीट भी प्रस्तुत की जायेगी, प्रवेश शुल्क प्रत्येक वर्ष न लिया जाये, विद्यालय में छात्रों से विलम्ब शुल्क न लिया जाये, विद्यालय परिसर से ही किताबें, जूता–मोजा, स्कूल ड्रेस विक्रय न किया जाये, परिवहन नियमानुसार लिया जाये, अभिभावक से विज्ञप्ति व नोटिस के माध्यम से शुल्क ड्रेस आदि के बारे में लिखित अभिमत लिया जाये तदोपरान्त विद्यालय स्तरीय समिति द्वारा निस्तारण किया जायेगा। आरटीई एक्ट, मान्यता के शासनादेश एवं उ०प्र० स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के उपबन्धों का अक्षरशः अनुपालन किया जाये।

# मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध की मौत, युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के मलाका मोड़ के समीप गुरूवार की सुबह मधुमक्खियों के हमले से जहां 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी। वहीं 30 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ढकौली गांव निवासी स्व0 शिवपाल का पुत्र राजाराम सुबह लगभग 8:30 बजे बाइक से दवा कराने जा रहा था। वहीं मलाका गांव निवासी वेद प्रकाश अग्निहोत्री का पुत्र मोनू अग्निहोत्री बाइक से शहर आ रहा था। जैसे ही दोनो बाइक सवार मलाका मोड़ पर पहुंचे तभी अचानक मधुमक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया। बचने के लिए वृद्ध राजाराम ने फूस में लगा दी। जिससे उसका पैर भी जल गया। उधर मोनू को भी मधुमक्खियों ने बुरी तरह घायल कर दिया। कुछ देर बाद दोनो अचेत पड़े लोगो को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी मृतक का भतीजे सुरेन्द्र ने दी है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )